हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

[राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव]

खुले में मांसाहार की बिक्री प्रतिबंध की पहल शुरू, बिरयानी सेंटरों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि लगातार

शहर के गौरीनगर क्षेत्र में गौ-हत्या का मामला सामने आने के बाद गौ-मांस बिक्री को लेकर पनपे जनआक्रोश से मांसाहार के खिलाफ जनजागरण की शुरूआत होती दिखाई दे रही है। बीते दिनों सर्व हिंदू समाज द्वारा नगर निगम और कलेक्टोरेट कार्यालय में ज्ञापन देकर शहर में इर्द-गिर्द फैले बिरयानी सेंटर और चिकन-मटन की दुकानों को एक जगह पर व्यवस्थित करने मांग की गई थी। जिसके बाद इस पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। नगर निगम द्वारा ऐसे दुकानदारों को नोटिस जारी किया जा रहा है।

बीते दो-तीन वर्षों में ही शहर में मांस-मटन की दुकानों की संख्या बढ़ाने के साथ ही बिरयानी सेंटर में भी इजाफा हुआ है। शहर के भगत सिंह चौक से लेकर पोस्ट ऑफिस चौक तक ही आठ बिरयानी की दुकान संचालित हो रही है। इसके अलावा शहर के अन्य क्षेत्रों में भी बिरयानी और अंडा ठेला की भरमार है। इन दुकानों में कभी भी खाद्य गुणवत्ता को लेकर कार्रवाई नहीं होती है। जबकि प्रतिदिन शहर में सैकड़ों क्विंटल बिरयानी की खपत हो जाती है। महंगाई के दौर में भी 70-80 रुपए प्लेट में बिरयानी मिलने से इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठना भी लाजमी है। वहीं बिरयानी में मिलाये जाने वाला मटन और चिकन को लेकर जांच नहीं की जाती है। जिससे इसमें गौ मांस के संदेह को नकारा नहीं जा सकता है। समय-समय पर जांच होने से बिरयानी के शौकीनों की आशंका भी दूर हो सकती है। इस ओर विभागीय लापरवाही साफ दिखाई दे रही है।

शहर के कई स्थानों में खुले में मांस का विक्रय किया जाता है। कई जगहों पर मांस की दुकान शाकाहारी सब्जियों की दुकान से सटकर लगी हुई है। शहर के मोतीपुर बाजार में भी मांसाहार और शाकाहार एक जगह पर ही बिक रहा है। जिससे शाकाहारी लोगों को समस्या हो रही है। वहीं इर्द-गिर्द मांसाहार का व्यवसाय करने वाले लोग खुले में ही मांस काटते हैं। जिससे गंदगी के साथ बदबू भी फैलती है। जिसको लेकर भी शिकायत सामने आई है।

इर्द-गिर्द फैली दुकानें होंगे व्यवस्थित, नया स्थान चयन करने पर हो रहा मंथन

घट गई बिरयानी की बिक्री

गौ-हत्या करने के बाद गौ-मांस की बिक्री का मामला सामने आने से बिरयानी सेंटर में इसका असर दिखाई दे रहा है। आमतौर पर प्रतिदिन जिन दुकानों में 5 से 10 किलो मटन और चिकन की बिरयानी बिक जाती थी, वहां अभी दो-तीन किलो के भीतर ही खपत सिमटकर रह गई है। बिरयानी में गौ मांस के संदेह से शौकीनों की संख्या एक झटके में ही घट गई है। बताया जा रहा है कि बिरयानी का व्यवसाय ठप पड़ा हुआ है और निर्माण की लागत भी नहीं निकल पा रही है। जिसके चलते भी कई दुकानों में बिरयानी नहीं बनाई जा रही है।



एक जगह पर व्यवस्थित होगी दुकानें

इस पूरे मामले को लेकर नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने कहा कि सर्व समाज द्वारा शहर में जगह-जगह बिरयानी और खुले में मांस विक्रय की शिकायत की गई थी, जिस पर निगम द्वारा टीम गठित किया गया है और बिना अनुमति संचालित होने वाले मांसाहार के दुकानों को चिन्हित करके नोटिस जारी किया जा रहा है। इस नोटिस में तीन दिवस का समय देकर कार्रवाई के लिए लिखा गया है। आयुक्त ने कहा कि मांसाहार विक्रय के लिए नंदई बाजार क्षेत्र के समीप जगह चिन्हित है। वहीं पूर्व में शहर के गोल बाजार में भी मांसाहार का विक्रय होता है, जिसे एक जगह पर व्यवस्थित करने कार्रवाई की जा रही है।

नोटिस से मचा हड़कंप : बिरयानी सेंटर को लेकर जन आक्रोश को देखते हुए तीन दिनों से फ्लाई ओवर के नीचे बिना अनुमति संचालित होने वाले बिरयानी दुकान बंद पड़े हुए हैं। नगर निगम द्वारा अतिक्रमण में मांसाहार का दुकान लगाने वाले लोगों को नोटिस जारी किया जा रहा है। जिसको लेकर भी बिरयानी सेंटर और मांस-मटन विक्रेता में हड़कंप मचा हुआ है और दुकानें बंद हैं।

ट्रक से टकराई कार, भाई की बारात से लौट रही बहन सहित सहेली की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महासमुंद क्षेत्र में दुखद हादसा, तीन गंभीर रूप से घायल

भाई की शादी में बारात में शामिल होकर वापस कार में लौट रही बहन उसकी सहेली सहित तीन लोग रास्ते में दुर्घटना के शिकार हो गई। कार सामने जा रही ट्रक में पीछे से जा टकराई। जिससे इसमें सवार दो युवतियों की मौत हो गई। वहीं तीन गंभीर रूप से घायल बताए गए हैं। इस घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेवा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक शादी की खुशियां पलभर में मातम में बदल गई। बावनकेरा चौक-झलप के पास नेशनल हाईवे-53 पर तेज रफ्तार कार ओवरटेक के दौरान ट्रक के पीछे जा घुसी। इस भीषण हादसे में खतीजा गाजी उर्फ सना पिता नईम बख्श गाजी उम्र लगभग 20 वर्ष गौरीनगर एवं तस्मीया खान पिता अमीन खान उम्र लगभग 17 वर्ष की मौत हो गई। जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

ट्रक चालक फरार

हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक की तलाश शुरू कर दी है। घायलों के नामों की जानकारी नहीं मिल पाई है। बताया गया कि 25 अक्टूबर को रिसेप्शन कार्यक्रम शहर में आयोजित था। बहरहाल उक्त घटना से शोक की लहर व्याप्त हो गई है।



बारात से लौटते वक्त हुआ हादसा

पटेवा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक राजनांदगांव के मोतीपुर निवासी अमीन खान अपने बेटे की बारात लेकर उडीसा संबलपुर गए थे। बारात के बाद परिवार के लोग कार से वापस राजनांदगांव लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि कार तेज रफ्तार में थी और ओवरटेक करने के चक्कर में चालक ने नियंत्रण खो दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग फंस गए।

अफरा-तफरी के बीच पहुंची पुलिस

हादसे के बाद हाईवे पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पटेवा पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर महासमुंद मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया, जहां तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

मुख्य चुनाव आयुक्त का फूंका गया पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार 23 अक्टूबर को जिला कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया।

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सोमनी बस स्टैंड में रैली के रूप में एकत्र हुए और नारेबाजी करते जोरदार विरोध जताया। तत्पश्चात मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन किया गया तथा राष्ट्रगान गाकर ⏭ शेष पेज 12 पर

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
• ब्लड प्रेशर • शुगर • थायराइड
• बुखार • खांसी • छाती रोग
• पेट रोग • किडनी • लकवा • माइग्रेन
• श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या
• नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

खबर संक्षेप

एबीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण

पटेवा। प्राथमिक शाला रेंगाकठेरा का 23 अक्टूबर को एबीईओ अमरीका देवांगन ने निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कक्षा में जाकर बच्चों का शैक्षणिक गुणवत्ता परखा। कक्षा तीसरी के बच्चों को 20 तक का पहाड़ा आने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। कक्षा तीसरी के वंश यादव ने 18 का पहाड़ा सुनाया। रुपांसी वर्मा ने बिना अटके पाठ पढ़ाया।



प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 12 को

मोहला। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा की गई है। इसी क्रम में कलेक्टर तनुजा सलाम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण एवं पुनर्गठन की प्रक्रिया 2 नवंबर तक पूर्ण की जाएगी। इसके बाद 12 नवंबर को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी, जो 11 दिसंबर तक चलेगी। प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण 28 दिसंबर तक किया जाएगा। निर्धारित प्रक्रियाएं पूर्ण होने के पश्चात मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी को किया जाएगा।

जिला स्तरीय युवा उत्सव 28 को

मोहला। युवाओं में रचनात्मकता, सांस्कृतिक प्रतिभा और राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन आगामी 28 अक्टूबर को रखा गया है। युवा उत्सव का आयोजन मिनी स्टेडियम मोहला में होगा। युवा उत्सव अंतर्गत विकसित भारत चैलेंज ट्रैक, लोक नृत्य, लोकगीत, चित्रकला, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज और पारंपरिक वेशभूषा सहित विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

गोडवाना समाज ने बमलाई को किया पंचमी भेंट

डोंगरगढ़। गोंडवाना समाज की कुल देवी बमलाई में रियासत कालीन परंपरानुसार नवरात्र की पंचमी को पंचमी भेंट का आयोजन गोंडवाना यूथ क्लब के तत्वावधान में किया गया। दाई बमलाई से सेवा अर्जी करते हुए सम्पूर्ण जीव जगत के कल्याण और सुख समृद्धि की मंगल कामना की गई। कार्यक्रम में गोड़ियन परंपरा अनुसार वेशभूषा धारण कर विधि- विधान से सम्मत रेला, पाटा, डाँग- डोली, बस्तर के आँगा देवताओं के साथ पारंपरिक तौर तरीके से नयनाभिराम जतरा निकाली गई, जो प्राचीन बुढ़ा देव गुफा से प्रारंभ होकर दाई बमलाई पेन ठाना प्रांगण पहुंची। इस कार्यक्रम में समाज के हजारों महिला- पुरुष, युवक- युवती, लया लयोर , बैगा, भुमका आदि शामिल हुए।



आतिशबाजी के साथ रावण का दहन

पटेवा। ग्राम में असत्य पर सत्य का जीत का पर्व दशहरा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर 41 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन किया गया। इससे पूर्व बाल कृष्ण लीला मंडली के कलाकारों ने रामलीला का मंचन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान रामचन्द्र की स्तुति प्रार्थना के साथ हुआ। इस दौरान आतिशबाजी भी किया गया। रावण दहन के बाद विजयी जुलुस निकाला गया। मां शीतला मंदिर में माता की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर जेआर साहू, माखनलाल साहू, हरीशंकर साहू, अर्जुन साहू, माधव शंकर साहू, नैनचंद देवांगन, मानिक देवांगन, लक्ष्मी रविलाल वर्मा, विरेन्द्र हिरवानी आदि मौजूद थे।



अछोली में मनाया गया विजयादशमी



डोंगरगढ़। नया अछोली स्कूल मैदान में श्री श्री कान्हा दशहरा उत्सव समिति ने गुरुवार को दशहरा उत्सव का आयोजन किया। मुख्य अतिथि सरपंच नंद कुमार साहू, विशिष्ट अतिथि उपसरपंच पुखराज साहू, फिरंगीराम पटेल, पूर्व सरपंच विजय पांडे, योधनदास साहू थे। अतिथियों ने सर्वप्रथम भगवान राम की पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात कन्हारगांव की श्री राम भक्त मानस परिवार ने रामलीला का मंचन किया। अंत में आतिशबाजियों के साथ रावण दहन किया गया।

सीए की परीक्षा में अनुष्का और कर्णिका सफल





डोंगरगढ़। प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ चन्द्रगिरि तीर्थ की पूर्व छात्रा अनुष्का जैन और कर्णिका जैन ने सीए फायनल की परीक्षा में सफलता हासिल की है। उसकी सफलता प्रतिभास्थली के उत्तम संस्कारों और कड़ी मेहनत का परिणाम है। प्रतिभास्थली परिवार ने दोनों मेधावी छात्राओं को बधाई दी है।

महेश्वरी समाज की बैठक कल डोंगरगढ़ में

डोंगरगढ़। छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की बैठक 25 अक्टूबर को यहां आयोजित की गई है। बैठक में प्रदेश के कार्यकारिणी सदस्य एवं विशेष आमंत्रित पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में संगठन की भावी रूपरेखा तैयार करने के साथ सामाजिक गतिविधियों और आगामी योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक का आयोजन शिवाजी जी इन चंद्रगिरी रोड में रखा गया है। डोंगरगढ़ के अध्यक्ष सुनील तापड़िया तथा राजनांदगांव जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष संजोग टावरी द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। बैठक के दौरान प्रकोष्ठों संयोजकों की नियुक्ति, सदस्यता शुल्क, संगठन के विस्तार तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर सुझाव लिए जाएंगे। नव निर्वाचित अर्थमंत्री नारायण राठी का स्वागत किया जाएगा। उपाध्यक्ष पवन डागा अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी प्रदेश सभा के सदस्य अनिल गट्टानी ने दी।

एजेंसी प्रबंधन की स्थिति अस्पष्ट, उठ रहे सवाल

गैस चोरी : चार संदेह के घेरे में, कार्रवाई पर संशय

शिकायतों पर नहीं दिखी गंभीरता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

घरेलू गैस सिलेंडरों से कथित गैस चोरी का मामला सामने आने के बाद अब प्रशासन और गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। शहरवासियों की सतर्कता से मामला सामने आया। सूचना मिलने पर खाद्य निरीक्षक और एसडीएम मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान लिए गए और पंचनामा भी तैयार किया गया। बावजूद इसके 24 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई कहां तक पहुंची, इसकी स्थिति स्पष्ट नहीं है।

गैस चोरी का मामला बुधवार को सामने आया था। स्थानीय इंडेन गैस एजेंसी के कर्मचारियों पर सिलेंडरों से गैस निकालने का आरोप लगा। बताया गया कि शहरवासियों ने कथित गतिविधि को पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों को बुलाया गया। आरोपित कर्मचारी मौके से निकल गए। मामले में शिवराज, सुनील, सरवन और राम सिंह बिश्नोई नाम सामने आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह कर्मचारी करीब छह माह से सिलेंडर वितरण का काम कर रहे थे।



पंचनामा बना, फिर कार्रवाई कहां?

मामले में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई किए जाने के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि जांच आगे किस स्तर पर पहुंची। क्या गैस एजेंसी से जवाब मांगा गया? क्या आरोपित कर्मचारियों से पूछताछ के प्रयास हुए? क्या गैस सिलेंडरों का वजन और एजेंसी के स्टॉक का मिलान कराया गया? क्या पुलिस में लिखित शिकायत दी गई? इन सवालों पर फिलहाल स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

शिकायतें भी जांच के घेरे में

मामले के बाद उन उपभोक्ताओं की शिकायतों को भी जांच के दायरे में लाने की मांग उठ रही है, जिन्होंने पहले सिलेंडरों में गैस कम मिलने की शिकायत की थी। यदि ऐसी शिकायतें एजेंसी के पास दर्ज थीं तो उनका रिकॉर्ड खंगालना जरूरी होगा। यह भी देखा जाना चाहिए कि शिकायत मिलने के बाद सिलेंडरों का वजन कराया गया था या नहीं और एजेंसी स्तर पर क्या कार्रवाई की गई।

एजेंसी प्रबंधन को भी देना होगा जवाब

एजेंसी संचालक विवेक वासनिक की ओर से शिकायत दर्ज कराने की बात सामने आई थी, लेकिन शिकायत वास्तव में दर्ज हुई या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में एजेंसी प्रबंधन को भी स्पष्ट करना चाहिए कि आरोपित कर्मचारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है और मामले की आंतरिक जांच किस स्तर पर चल रही है। साथ ही कर्मचारियों की नियुक्ति, सत्यापन और सिलेंडर वितरण की निगरानी व्यवस्था की भी जांच जरूरी है।

एसआईआर का विरोध, कांग्रेस ने जलाया आयुक्त का पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने विभिन्न मुद्दों को लेकर गुरुवार को जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस भवन से शुरू हुआ प्रदर्शन पुराना बाजार, सिनेमा लाइन, फव्वारा चौक होते हुए राजीव गांधी चौक पहुंचा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए चुनाव आयुक्त का पुतला दहन किया। वोट चोर, गद्दी छोड़ अभियान के तहत विरोध करते हुए कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में छात्र-छात्राओं, युवाओं के खिलाफ की गई पुलिस कार्रवाई पर आक्रोश जताया। प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती, निष्पक्ष चुनाव, चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को जनता के सामने उठाया जा रहा है।

जनहित में जारी रहेगा संघर्ष

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष टिकेश साहू ने कहा कि कांग्रेस जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष करते रहेगी। लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। जनता से जुड़े सवालों और लोकतांत्रिक अधिकारों की अनदेखी होने पर कांग्रेस आवाज उठाएगी।

पदाधिकारी व कार्यकर्ता रहे मौजूद

प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष टिकेश साहू, वीरेंद्र बोरकर, डॉ. नरेंद्र साहू, महेंद्र यादव, अखिलेश नखत, संजय मुटकुरे, हीरा निषाद, रोशन यदु, सतीष वैष्णव, मयंक यदु, महेंद्र वैष्णव, नीलम गोस्वामी, कमल नारायण वैष्णव, चुम्मन साहू, चंद्रशेखर उइके, मोहनीश साहू, संध्या साहू, वैशाली बोरकर, श्रुति शुक्ला, दीपिका साहू, आरती कोरे, सुंदर साहू, प्रियंक जैन, लिलेश पटेल, राकेश साहू, रितेश राजपूत, दीपक देवांगन, टिंकू देवांगन, प्रमोद साहू, पुष्पेंद्र नेताम, डिल्लू साहू, रोशन साहू, प्रेम सिन्हा, टेकचंद, मुरली निषाद, सूर्यकांत, भुवाल साहू, खम्मन साहू, चुन्नू साहू सहित अन्य मौजूद थे।

बाना के साथ प्रतिमा विसर्जित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

अष्टमी हवन के पश्चात देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इसी कड़ी में शुक्रवार को ग्राम खैरा नवापारा में देवी प्रतिमा का विसर्जन हुआ। पारम्परिक वाद्ययंत्र एवं जस गीत के अलावा आकर्षक शोभायात्रा निकाला गया, जिसमें करीब तीन दर्जन युवाओं ने बाना के साथ यात्रा की शोभा बढ़ाया।

डॉ. अभिषेक बने डीआरयूसीसी सदस्य



डोंगरगढ़। सांसद संतोष पांडेय के प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे डॉ. अभिषेक चक्रवर्ती को नागपुर मंडल की मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति को जनसेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के रूप में देखा जा रहा है। सदस्य के रूप में डॉ. चक्रवर्ती को रेल यात्रियों से जुड़ी समस्याओं, स्टेशन की सुविधाओं तथा रेल सेवाओं में सुधार से संबंधित विषयों को अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिलेगा।

पटवारियों की हड़ताल से बढ़ी परेशानियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

जिलेभर के पटवारी गत 12 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है जिससे राजस्व विभाग का कामकाज पटरी से उतर गया है। पखवाड़े भर से पटवारी पीवी एप का विरोध कर रहे है। आंदोलनकारी पीवी एप के स्थान पर भुईया सॉफ्टवेयर में फसल एंट्री का ऑप्शन खोलने की मांग कर रहे हैं।

■ तहसील कार्यालय में सन्नाटा पसरा

छग राजस्व पटवारी संघ के आहवान पर मोहला, मानपुर, अंबागढ़ चौकी, बड़गांव एवं औंधी तहसील के पटवारी हड़ताल पर है। आंदोलनकारी पटवारी विशेष रूप से पीवी एप का विरोध कर रहे है। जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष लखनलाल सोरी, मीडिया प्रभारी ठाकुरराम कोसमा ने बताया कि पीवी एप से कार्य करने में पटवारियो को कई समस्या आ रही है। मीडिया प्रभारी ने बताया कि पीवी एप में फसल का भौतिक सत्यापन किसान के अनुपस्थिति में किया जाना संभव नहीं है। इसके अतिरिक्त पालीगान बनाने में भी परेशानियां आ रही हैं।



अध्यक्ष ने दिया समर्थन

आंदोलन के 13वें दिन नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने पंडाल में पहुंच कर अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि पटवारियों की मांगे उनके हितों व अधिकारों से जुड़ी है। नगर अध्यक्ष ने कहा कि शासन को पटवारियों की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उनकी मांग पूरी करनी चाहिए। पटवारियों के आंदोलन को छग तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने भी समर्थन दिया। संघ के जिला अध्यक्ष रमेश नंदेश्वर, राजकुमार महानदिया ने आंदोलन को उचित बताया।

धरना व नारेबाजी

जिले भर के पटवारी तहसील कार्यालय के सामने धरना देकर नारेबाजी कर रहे है। 13 वे दिन आंदोलन में जिला अध्यक्ष लखनलाल सोरी, ठाकुरराम कोसमा, चतुर नंदेश्वर, लिब्बन एक्का, धर्मेन्द्र पोसार्य, तौहिद अहमद, कुलदीप ठाकुर, धीरपाल ठाकुर, सुरेश ठाकुर, चन्द्रसेन चौहान, विद्या बोरकर, तुमेश्वरी रावटे, भुनेश्वर कोसमा, दीपक कोसमा, खेमचंद कोमरे, सोहन देवांगन, प्रवेश देवांगन, रविकांत बघेल, उमेश वर्मा आदि शामिल हुए।

आत्मनिर्भर बनाने कृषि महाविद्यालय की पहल

महिलाओं ने सीखा टमाटर का सॉस बनाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान



रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, छुईखदान के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने रावे कार्यक्रम अंतर्गत बीरुटोला में महिलाओं को टोमैटो केचअप बनाने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने महिलाओं को टमाटर से सॉस तैयार करने की प्रक्रिया के बारे में बताया।

आय बढ़ाने का माध्यम

विद्यार्थियों ने बताया कि कई बार टमाटर का उत्पादन अधिक होने के कारण किसानों को बाजार में उचित मूल्य नहीं मिल पाता, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसी स्थिति में टमाटर का प्रसंस्करण कर सॉस जैसे मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार करना आमदनी बढ़ाने का एक बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। विद्यार्थियों ने बताया कि कृषि उपज से विभिन्न खाद्य उत्पाद तैयार कर उन्हें बाजार में बेचने से किसानों को अपनी उपज का बेहतर उपयोग करने और अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर मिलता है। इससे कृषि उत्पादों की बर्बादी कम करने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी विकसित किए जा सकते हैं। इस तरह की पहल महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यह प्रशिक्षण अधिष्ठाता डॉ. अविनाश गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अरविंद नंदनवार, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ओपी सोनवानी, डॉ. सेवक ढेंगे तथा डॉ. अजित ने किया।

मीना बाजार के आवंटन से पालिका को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नवरात्र के बाद मेला ग्राउंड में लगा मीना बजार और दुकानों के आबंटन का मामला चर्चा का केन्द्र बना हुआ है। लाखों में जाने वाले मीना बाजार को टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी कर कम कीमत में देने का मामला पूर्व सामने आया था। मीना बाजार में लगे झूलों की टिकट अधिक में बेचने का मामला गर्माने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शहरवासियों को अखिरी 3 दिनों में अधार कार्ड दिखाने पर दर कम करवाकर फायदा दिलाने का प्रयास किया था।

■ टेंडर प्रक्रिया शुरू से रही विवादों के घेरे में

दुकानों से लोगों ने कमाया

मेला में लगने वाली दुकानों को कुछ ऐसे लोगो को आबंटित किया गया था जिन्होने अपनी दुकानो को 3 गुना अधिक दाम में बेच दिया था जबकि बेरोजगार एवं भाजपा कार्यकर्ताओ को मांगने के बाद दुकान नही मिली। नवरात्र के दौरान पानी की किल्लत बड़ी समस्या बन के सामने आई वहीं मेला में लगी दुकानो में अग्नि से बचाव के इंतजाम नहीं किए गए थे। नगर पालिका के अलावा अन्य जगहों पर पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें भी सामने आते रही।

गुरु-अवतरण महोत्सव 25 और 26 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्री दिगम्बर जैन समाज द्वारा समाधिस्थ आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज एवं वर्तमान आचार्य श्री 108 समयसागर महामुनिराज के अवतरण दिवस पर दो दिवसीय गुरु-अवतरण दिवस महोत्सव का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 25 एवं 26 अक्टूबर को आर्यिका 105 तपोमती माता ससंघ के सानिध्य में संपन्न होगा।

श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के अध्यक्ष सतीश जैन लल्ली ने बताया कि दोनों आचार्यों का जीवन त्याग, तपस्या, संयम और आध्यात्मिक चेतना की अनुपम मिसाल है। उनके अवतरण दिवस पर आयोजित यह महोत्सव गुरु-भक्ति, जिनवाणी के प्रति श्रद्धा और संस्कारों के संवर्धन का विशेष अवसर है।

खीर पूड़ी का वितरण 26 को

आयोजन के तहत कल 26 अक्टूबर को अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन, आचार्य श्री का छत्तीसी विधान तथा आर्यिकाश्री का प्रवचन, दोपहर 2 बजे गुरु-स्मृति संस्मरण प्रतियोगिता, रात्रि 7.30 बजे मंगल आरती होगी। इसी क्रम में 26 अक्टूबर को अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन, दोनों आचार्य भगवंतों की पूजन और माता जी के मंगल प्रवचन, प्रातः 11 बजे कीर्ति स्तंभ में खीर-पूड़ी का वितरण, रात्रि में मंगल आरती के पश्चात प्रियंक जैन द्वारा भजनोंकी प्रस्तुति होगी।



75 किलोमीटर दूर से संचालित हो रहा है जिले का शिक्षा विभाग

डीईओ अवकाश पर, दूसरे जिले के अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कार्यालय में स्टाफ की कमी, भवनविहीन शालाएं

मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले की शिक्षा व्यवस्था पहले से ही कई चुनौतियों और बर्बाद व्यवस्था का सामना कर रही है। अब जिला शिक्षा अधिकारी के लम्बे अवकाश पर जाने और राजनांदगांव के जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल को मोहला-मानपुर जिले का अतिरिक्त प्रभार सौंपे जाने की खबर ने शिक्षा विभाग के प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। सवाल यह है कि जब नए जिले में कार्यालयीन संसाधनों और स्कूलों की बुनियादी जरूरतों को लेकर समस्याएं हैं, तो दूसरे जिले के अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार से व्यवस्था कितनी प्रभावी ढंग से संचालित हो पाएगी?

उल्लेखनीय की मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के जिला शिक्षा अधिकारी पीएल साहू के लम्बे अवकाश पर जाने को लेकर चर्चा है कि स्वास्थ्य संबंधी कारणों से वे अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं। इस बीच विभागीय जिम्मेदारियों का संचालन सुनिश्चित करने के लिए राजनांदगांव के जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल को मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले का अतिरिक्त प्रभार सौंपे जाने की जानकारी सामने आई है।

ऐसे में सवाल उठता है कि जिले की शिक्षा व्यवस्था विभागीय कार्यों के नियमित संचालन, स्कूलों के निरीक्षण, शिक्षकों की समस्याओं और विभागीय कामकाज की निगरानी के लिए प्रशासनिक स्तर पर क्या ठोस व्यवस्था बनाई गई है।

संयुक्त संचालक ने जारी किया आदेश

जिला शिक्षा अधिकारी का आदेश संयुक्त संचालक ने जारी किया-शिक्षा विभाग में प्रशासनिक आदेश जारी करने की प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। चर्चा है कि जिला शिक्षा अधिकारी के अतिरिक्त प्रभार का आदेश संयुक्त संचालक स्तर से जारी किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने के लिए निर्धारित नियम और अधिकार-क्षेत्र क्या हैं? क्या यह आदेश राज्य शासन अथवा लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) के निर्देशों के अनुरूप जारी हुआ है इन सभी सवालों में कई विषयगातिया हैं।



निगरानी और व्यवस्था पर सवाल

75 किलोमीटर दूर से संचालित होगा शिक्षा विभाग-नए जिले का उद्देश्य प्रशासनिक सुविधाओं को जनता के करीब लाना और स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान करना होता है। लेकिन यदि जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार दूसरे जिले में पदस्थ अधिकारी को सौंपा जाता है, तो स्थानीय स्तर पर नियमित निगरानी और जिलेभर के स्कूलों को लेकर त्वरित विभागीय कार्रवाई को लेकर सवाल खड़े हैं जिला मुख्यालय मोहला से राजनांदगांव का फासला 75 किलोमीटर पर है।

विभाग में कई समस्याएं

कई तरह के समस्याओं से जूझ रहा है शिक्षा विभाग-बच्चों को सुरक्षित भवन, पर्याप्त शिक्षक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना जिला शिक्षा विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले का शिक्षा विभाग कई तरह के भीषण समस्याओं से जूझ रहा है। इसी बीच नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी पीएल साहू के लंबे समय के लिए अवकाश पर चले जाने और जिले के किसी भी वरिष्ठ प्राचार्य को जिला शिक्षा अधिकारी का प्रभार सौंपने के बजाय दिगर जिले के जिला शिक्षा अधिकारी को प्रभार दिए जाने से विभागीय कामकाज पर बेहद बड़ा प्रभाव पड़ने का आशंका व्यक्त की जा रही है।

अवकाश पर हूं

मैं अस्वस्थ हूं जिसके कारण लंबे अवकाश पर रहना पड़ रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी के दायित्वों के लिए राजनांदगांव डीईओ को प्रभार सौपा गया है। - **पीएल साहू,** डीईओ मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी

शत-प्रतिशत गिरदावरी और पीवी ऐप से पॉलीगन बनाने का कार्य समय में करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने समय-सीमा की बैठक में राजस्व कार्यों, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जनसमस्याओं के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने तहसीलदारों को शत-प्रतिशत गिरदावरी पूर्ण करने तथा पीवी ऐप के माध्यम से पॉलीगन बनाने का कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने तथा नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने गिरदावरी एवं पॉलीगन निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने तहसीलदारों को शेष कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वामित्व योजना के अंतर्गत अधिकार अभिलेख संबंधी कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

दायित्वों का करें निर्वहन

कलेक्टर ने अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने, शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा विभागीय दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना होना चाहिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, एसडीएम अविनाश ठाकुर सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

चावल जमा करने की ली जानकारी

बैठक में नियद नेल्लानार अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित पात्र हितग्राहियों की जानकारी दर्ज करने के कार्य की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के तहत प्रदान किए गए लाभ का विवरण संकलित कर हितग्राहियों की एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी सही एवं पूर्ण रूप से दर्ज करने पर जोर दिया, जिससे योजनाओं की प्रगति और उपलब्धियों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। कलेक्टर ने चावल जमा करने की प्रगति एवं संग्रहण केंद्रों की स्थिति की भी जानकारी ली। संबंधित विभागों से चावल जमा एवं संग्रहण से जुड़े कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त कर प्रगति की समीक्षा की गई।

हेल्पलाइन शासन एवं आमजन के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम

कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन और आमजन के बीच संवाद का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत को बेहतर सेवा और वास्तविक राहत में बदलना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को नागरिकों के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह रहते हुए परिणाममूलक कार्य सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिकायतों में उल्लेखित समस्याओं को ध्यानपूर्वक समझकर नियमों एवं प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई की जाए, ताकि आम नागरिकों को समयबद्ध समाधान मिल सके। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने के संबंध में कलेक्टर ने विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायत पर की गई कार्रवाई तथा निराकरण की स्थिति का विवरण स्पष्ट, सही एवं तथ्यपरक होना चाहिए। संबंधित अधिकारी शिकायतकर्ता को उसकी शिकायत पर की गई कार्रवाई की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराएं और निराकरण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें।

मसीही महिला सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्कूल कैम्पस राजनांदगांव के तत्वाधान में 17 अक्टूबर को एक दिवसीय मसीही महिला सम्मेलन का आयोजन स्थानीय वेसलियन स्कूल ऑडिटोरियम में हुआ। जिसमें जिले एवं अन्य जिलों के 13 कलीसियाई चर्चों ने भाग लिया।

भाग लेने वाले चर्चों में वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्टेशन रोड राजनांदगांव, वेसलियन चर्च भिलाई, मसीह मंदिर चर्च गौरीनगर, मेनोनाईट चर्च राजनांदगांव, वेसलियन चर्च डोंगरगढ़, वेसलियन चर्च डोंगरगांव, वेसलियन चर्च देवरी, स्प्रीचुउअल क्रिश्चिन चर्च रायपुर, चर्च ऑफ गॉड, सेंट जॉन द चर्च राजनांदगांव, एजी चर्च महादेव नगर आदि लगभग 200 महिला सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता रेव्ह नीलीमा दानी (दुर्ग) द्वारा संदेश दिया गया। तत्पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

महिलाओं ने दिया योगदान

वेसलियन चर्च स्कूल कैंपस महिला सभा की अध्यक्ष महिमा रंजन, उपाध्यक्ष कीर्ति हेमरोम, सचिव अध्यक्ष कुमुदिनी डेविड, कोषाध्यक्ष साधना विल्सन, सलाहकारो एवं समस्त महिला सभा सदस्यों द्वारा इस चतुर्थ सम्मेलन को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दिया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में डॉ. मोन अब्राहम, मर्सी अब्राहम, रेव्ह फ्रांसिसस नाग, मोजेस लाल, पॉस्टर तुरत ग्वाल, जितेंद्र नाग, ग्लोरी हेमरोम ने अपनी सेवाएं दी। इस आयोजन को सफल बनाने वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्कूल कैंपस के पाजबान तुरत ग्वाल ने आमंत्रित महिला सदस्यों, जवान सभा, संडे स्कूल के बच्चों, वेसलियन स्कूल के प्राचार्य अजीत स्कॉट (अंग्रेजी माध्यम) एवं रमन कुमार (हिन्दी माध्यम) का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त जानकारी महिला सभा अध्यक्ष महिमा रंजन द्वारा दिया गया।

केसीजी की जूनियर कबड्डी टीम ने रचा इतिहास, हासिल किया तीसरा स्थान



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले की जूनियर बालक कबड्डी टीम ने राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में पहली बार भाग लेते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ द्वारा 16 से 18 अक्टूबर तक मुंगेली जिले में आयोजित इस प्रतियोगिता में केसीजी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल तक का सफर तय किया।

प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल और टीम भावना का परिचय देते हुए बालोद, दुर्ग, भिलाई नगर और रायपुर नगर की टीमों को पराजित किया। सेफा में केसीजी का मुकाबला बिलासपुर की टीम से हुआ। प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल करना जिले की जूनियर टीम के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि रही।

देवेन्द्र का चयन

जिला कबड्डी संघ के सचिव कन्हैया पटेल ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर जिले के खिलाड़ी देवेंद्र कंवर का चयन राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता बिहार के गया में 1 से 3 नवंबर तक आयोजित होगी। देवेंद्र का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन जिले के खिलाड़ियों के लिए उत्साह बढ़ाने वाली उपलब्धि है। इस सफलता पर जिला कबड्डी संघ की ओर से टीम के खिलाड़ियों, कोच और मैनेजर को बधाई देते हुए उनका स्वागत किया गया। पहली ही भागीदारी में राज्य स्तर पर स्थान बनाने और जिले के खिलाड़ी का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन होने से कबड्डी खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों में हर्ष है।

दिग्विजय कॉलेज में मातृ एवं शिशु देखभाल जागरूकता कार्यक्रम

- माताओं तथा बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन व समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 01 दिग्विजय वार्ड किल्लापारा राजनांदगांव में मातृ एवं शिशु देखभाल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक बैठक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं तथा बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। बैठक में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने, कुपोषण की रोकथाम, स्वच्छता बनाए रखने तथा बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास पर विशेष जोर दिया गया। विद्यार्थी डॉली साहू द्वारा कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य के बारे में बताया कि माताओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाना, पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ बचपन को प्रोत्साहित करना है। अन्य विद्यार्थी रामेश्वर, मुस्कान द्वारा गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था में नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, आयरन एवं कैल्शियम की उपयोगिता, संस्थागत प्रसव तथा प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात देखभाल के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई।

साथ ही नवजात शिशु को की देखरेख संबंधी जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में समाज कार्य विभागाध्यक्ष ललिता साहू, तारणी साहू, शालिनी सोनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना सोनी, शोभा शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं समाज कार्य विभाग के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

चाकू, डंडा से मारपीट, आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आम जगह पर चाकू एवं डंडा से मारपीट कर डराने धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 21 अक्टूबर को रात्रि में तुरकारीपारा खैरागढ में पुरानी बातो को लेकर गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी, चाकू लेकर आरोपी लक्ष्य उर्फ लक्की यादव 21 साल अभिषेक यादव 23 साल, गजेन्द्र उर्फ गज्जू पटेल 24 साल ठाकुरपारा एवं अन्य दो तीन लड़को द्वारा प्रार्थी सुरेन्द्र सारथी 55 साल साकिन वार्ड नं. 8 तुरकारीपारा एवं ओम सारथी 25 साल तुरकारी पारा को मारपीट कर घायल कर दिया गया। जिसकी सूचना थाना खैरागढ को प्राप्त होने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषन पर घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजकर मुलाहिजा कराकर ईलाज कराया गया तथा थाना एवं साइबर सेल का टीम बनाकर आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर घेरा बंदी कर तत्काल पकड़ लिया गया।

फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश

प्रार्थी सुरेन्द्र सारथी पिता ईतवारी राम सारथी की रिपोर्ट पर धारा 296,115(2)118,(1),351,(3),3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले के अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी जारी है, जिन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार किया जायेगा। पुलिस के अनुसार आरोपी लक्ष्य उर्फ लक्की यादव 21 साल, अभिषेक यादव 23 साल, गजेन्द्र उर्फ गज्जू पटेल 24 साल साकिन ठाकुरपारा को आज 22 अक्टूबर को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और न्यायिक रिमाण्ड हासिल की गई । उपरोक्त कार्यवाही में खैरागढ़ पुलिस स्टॉफ एवं साइबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा।

आम जनता को 500 में गैस सिलेंडर दिलाने की पहल करें स्मृति : कमलजीत



राजनांदगांव। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने उम्मीद जाहिर की है कि पूर्व सांसद स्मृति ईरानी के प्रदेश भाजपा प्रभारी बनने के बाद प्रदेश सरकार उस दिशा में अब कदम उठाएगी जिनके लिए वह संघर्ष करते रही है। उन्होंने कहा कि श्रीमती ईरानी महिलाओं के लिए काफी संघर्ष करते रही है। उन्होंने पूर्व में करीब 475 रुपए में रसोई गैस मिलने पर महंगाई का हवाला देते दिल्ली में विरोध जताया था, चूंकि अब रसोई गैस करीब एक हजार से अधिक में मिल रही है, ऐसे में उन्हें दाम घटवाने की दिशा में कदम उठाते केंद्र और राज्य सरकार पर दबाव बनाना चाहिए। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के तहत 500 रुपए में सिलेंडर देने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि श्रीमती ईरानी 25 अक्टूबर को अपने पहले प्रवास के दौरान राज्य की महिलाओं को राहत पहुंचाने 500 रुपए में सिलेंडर दिलाने की पहल करेंगी। दिनों-दिन बढ़ती महंगाई को देखते श्रीमती ईरानी को अमेठी की तरह यहां की जनता को भी 13 रुपए की दर पर शक्कर मुहैया कराने का प्रयास करना चाहिए।

आवश्यकता है
हरिभूमि
समाचार पत्र को, खैरागढ़ क्षेत्र में अखबार वितरण हेतु हाकर की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तत्काल संपर्क करें.
हरिभूमि कार्यालय
यात्री प्रतीक्षालय, बस स्टैण्ड, खैरागढ़
मो. 9329610524

आवश्यकता है
हरिभूमि
समाचार पत्र को डोंगरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत नागतराई, अछोली, करवारी एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्र में अखबार के वितरण हेतु हाकर की आवश्यकता है।
इच्छुक व्यक्ति तत्काल संपर्क करें.
हरिभूमि कार्यालय
जयस्तंभ चौक, डोंगरगढ़
मो. 9300963883

हितग्राही से चर्चा कर बिजली बिल में हो रही बचत की जानकारी ली

सोलर पैनल का कलेक्टर ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बुधवार को राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुंदरा में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत हितग्राही पूर्णिमा निषाद के घर में स्थापित सोलर पैनल का अवलोकन किया। उन्होंने हितग्राही से चर्चा कर योजना से मिल रहे लाभ एवं बिजली बिल में हो रही बचत की जानकारी ली।

पूर्णिमा निषाद ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल स्थापित कराया है। सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन होने के कारण उन्हें बिजली बिल में राहत मिल रही है। उन्होंने योजना को परिवार के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी बताते प्रसन्नता व्यक्त की।

बिजली बिल में होती है बचत

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना नागरिकों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। घरों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित करने से न केवल बिजली बिल में बचत होती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक नागरिकों को इस जनहितकारी योजना से जोडवे व्यापक जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजना का प्रचार-प्रसार करने तथा पात्र एवं इच्छुक नागरिकों को आवेदन एवं सोलर पैनल स्थापना की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत नागरिकों को अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित करने शासन द्वारा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इससे घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिल के खर्च में कमी लाने का अवसर मिल रहा है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी उपस्थित थे।

डीआरएम ने स्टेशनों का किया निरीक्षण

डोंगरगढ़। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम दीपक गुप्ता ने डोंगरगढ़-राजनांदगांव रेलखंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं, यात्री सुविधाओं और विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डोंगरगढ़, जटकन्हार, मुसरा और राजनांदगांव स्टेशनों पर चल रहे विकास एवं रखरखाव कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने और कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने रेलवे ट्रैक, स्टेशन परिसर, यात्री सुविधाओं, परिचालन व्यवस्था का अवलोकन किया। डीआरएम ने गार्डर शेड, समपार फाटक तथा आरयूबी-459 सहित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने, संभावित जोखिमों को दूर करने और आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश दिए गए।



सार समाचार

कैटरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बने विनोद

राजनांदगांव। शहर के कैटरिंग व्यवसायियों के प्रमुख संगठन ''राजनांदगांव कैटरिंग एसोसिएशन'' की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक में सर्वानुमति से विनोद लुल्ला को अध्यक्ष तथा कौशल शर्मा को सचिव पद की महती जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन के विस्तार और सुचारू संचालन हेतु वरिष्ठ व्यवसायियों की देखरेख में कार्यकारिणी के अन्य प्रमुख पदों पर भी पदाधिकारियों की घोषणा की गई। घोषित सूची के अनुसार संरक्षक अनिल जैन एवं राजेश खोखरिया, अध्यक्ष विनोद लुल्ला, उपाध्यक्ष तुषार भोजाणी (गोलू) एवं जग्गा यदु, महासचिव नितिन जैन, सचिव कौशल शर्मा एवं पंकज जेठानी, कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य अवधेश टांक, आकाश यादव, नरेन्द्र सिन्हा, अनिल ओस्तवाल, राजेश अग्रवाल, जयपाल सिंह अरोरा, महेश सोनी, दीपक अरोरा, विक्की तंबोली, दीपक यादव, सूरज सिन्हा, दीपक सिन्हा, शंकर कैटरर्स, सुनील सिन्हा, आकाश हाईवैल एसएसडी कैटरर्स सहित अन्य सदस्यों को शामिल किया गया है।
नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते कहा कि कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े सदस्यों के हितों की रक्षा, आपसी समन्वय और व्यापारिक समस्याओं के समाधान के लिए संगठन सदैव तत्पर रहेगा। नई कार्यकारिणी के गठन पर सदस्यों और शुभचिंतकों ने पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी सचिव कौशल शर्मा ने दी।

तीन दिवसीय सुआ नृत्य महोत्सव आयोजित



राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ की लोक कला, साहित्य एवं संस्कृति को बढ़ावा देने समरथ संस्थान साहित्य सृजन भारत छग इकाई के तत्वावधान में तीन दिवसीय सुआ नृत्य महोत्सव व साहित्य संगम का भव्य आयोजन किया गया। शंकर नगर बालोद में आयोजित उक्त कार्यक्रम में राजनांदगांव जिले के बड़ी संख्या में कवि साहित्यकारों ने भाग लिया और लोक कला व साहित्य से संबंधित कार्यक्रम को गरिमामय दी। इस दौरान महिलाओं द्वारा आकर्षक सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी गई। महिलाओं द्वारा ताली पीटते हुए गाए गए सुआ गीत व नृत्य ने जमकर समां बांधा और लोगों का दिल जीत लिया। उक्त जानकारी संस्थान के अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा द्वारा दी गई।

खून से रंगी दीवारों को गिराने का जताया आभार

राजनांदगांव। भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने गौरीनगर में गोवंश के साथ हुई नृशंस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते शासन-प्रशासन एवं



नगर निगम द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस घटना से हिंदू समाज सहित विभिन्न वर्गों के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ऐसी संवेदनशील घटना पर प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई करते 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नगर निगम द्वारा मुख्य आरोपी की अवैध दुकान एवं मकान पर की गई कार्रवाई का उल्लेख करते कहा कि संबंधित निर्माणों को हटाने की कार्रवाई से कानून का उल्लंघन करने वालों को स्पष्ट संदेश गया है। उन्होंने कहा कि गौमाता के रक्त से रंगी दीवारों को गिराने की कार्रवाई ने समाज की भावनाओं के प्रति संवेदनशीलता को प्रदर्शित किया है।

दोषियों को कठोर सजा दिलाने की मांग

राजनांदगांव। भाजपा दक्षिण मंडल अध्यक्ष गोलू गुप्ता ने शहर के गौरीनगर क्षेत्र में गोवंश को काटकर मांस विक्रय किए जाने की घटना की कड़ी निंदा करते कहा कि इस प्रकार की घटनाओं से हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। नवरात्रि जैसे पवित्र पर्व के दौरान इस तरह की घटना सामने आना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। श्री गुप्ता ने कहा कि नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा की आराधना, श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है। ऐसे समय में गौरीनगर की घटना ने हिंदू समाज को व्यथित किया है। इस प्रकार की घटनाएं सामाजिक तनाव बढ़ा सकती है, इसलिए प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज सहिष्णुता और संवैधानिक मूल्यों में विश्वास रखता है। यही कारण है कि समाज ने कानून अपने हाथ में लेने के बजाय लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराया और दोषियों को सजा दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि घटना के विरोध में विभिन्न समाज की बैठकें हुई और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई।

बुजुर्गों पर कभी हमला नहीं करना चाहिए : समयप्रभ

राजनांदगांव। जब तक शांति नहीं मिलेगी, तब तक हम चैन से नहीं जी सकते। हम अक्सर कहते रहते हैं कि हम चैन से जीना चाहते हैं, किंतु वास्तविकता में हम कभी भी चैन से नहीं जी पाते। उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर के सुशिष्य समयप्रभ सागर ने व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में मुनिश्री समयप्रभ सागर ने फरमाया कि मन में शांति का होना जरूरी है। दुखी व्यक्ति ना तो खुद का विश्वास करता है और नहीं किसी दूसरे का विश्वास कर पाता है। आप वितराग परमात्मा पर विश्वास रखो। मुनिश्री समयप्रभ ने कहा कि नीति शास्त्र कहती है कि बुजुर्गों पर कभी हमला नहीं करना चाहिए, बच्चों पर कभी हमला नहीं करना चाहिए, निहत्थे पर कभी हमला नहीं करना चाहिए और पीठ दिखाकर भागने वालों पर हमला नहीं करना चाहिए। अनीति से केवल मन को संतुष्ट किया जा सकता है, किंतु इसका परिणाम भयंकर होता है। सोचो-विचार करो कि हम कहां हैं। परंपरा को विवेक के साथ जोड़ो और आराधना करो। आराधना, विराधाना मैं ना बदल जाए, इसका

निधन



प्रदीप सिंग

राजनांदगांव। ऑटो डील के संचालक सरदार प्रदीप सिंग बीर उर्फ काले पिता तेजिंदर सिंग बीर का टाटानगर में ईलाज के दौरान 21 अक्टूबर की रात्रि 11 बजे टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल में निधन हो गया है। वे 44 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 23 अक्टूबर को 11 बजे उनके निज निवास समता कॉलोनी पनेका मोड़ डोंगरगांव रोड़ राजनांदगांव से उनकी अंतिम यात्रा मठपारा मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। वे अपनी पीछे 6 वर्ष की पुत्री हरमन कौर को छोड़ गए हैं।

पृष्ठ 9 का शेष

मुख्य चुनाव आयुक्त...

कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष भागवत साहू, गोवर्धन देशमुख, अंगेश्वर देशमुख, रोहित चन्द्राकर, टेकूराम साहू, तुलदास साहू, हेमशंकर साहू, ललित कुमरे, मेघराज चन्द्राकार, नरेन्द्र भारती, दिल्लूराम साहू, कमलनारायण साहू, कुन्दन चन्द्राकार, शांतिलाल साहू, विक्की साहू, ज्ञानचन्द, गंगुराम डहरे, महेन्द्र कुमार, केशव कुमार, मानसिंह साहू, त्रिलोक साहू, नीलम यादव, मुकेश निर्मलकर, लेखु टंडन, महेश कुमार दिवाकर, टिकमचंद साहू, चम्पालाल चन्द्राकर, कामता प्रसाद साहू, खेमराज, कुंजबिहारी साहू, दीपक मंडावी, चैतराम साहू, मानसिंग साहू, तेजेंद्र वैष्णव, कुलदीप, राधेश्याम साहू, धर्मेंद्र साहू, नेमचंद साहू, रामेश्वर साहू, गैंदलाल, जितू महिलांगे, सतीश साहू, सुनील कोठारी, रोहित, नरेश साहू, रवि साहू, रामलाल साहू, किशुन निषाद, आशीष कुमार बंजारे सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मोहला के छुरिया मंदिर में रोजाना दस्तक दे रहा है भालू

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

नवरात्र के प्रारंभ से एक भालू मंदिर तथा पहाड़ी मंदिर में लगातार पहुंच रहा

मोहला स्थित मां छुरिया मंदिर सहित आसपास के क्षेत्र में विगत 15 दिनों से भालू की मौजूदगी से लोगों में डर और चिंता बढ़ गई है। वन कर्मचारियों के अनुसार पिछले 15 दिनों से मोहला क्षेत्र में भालू देखे जाने की सूचना सामने आ रही है। हाईवे तथा ऊपर पहाड़ी में स्थित मां छुरिया देवी मंदिर परिसर वन विकास निगम के जंगल से घिरा हुआ है। इसी बीच नवरात्र के प्रारंभ से एक भालू रोजाना हाईवे में स्थित मां छुरिया देवी मंदिर तथा पहाड़ी मंदिर में लगातार दस्तक दे रहा है।

बताया जा रहा है कि जिला मुख्यालय मोहला में इन दिनों जंगल छोड़ भालू का पसंदीदा विचरण केंद्र मां छुरिया मंदिर तथा उसके आसपास का क्षेत्र बन गया है। बीते 15 दिनों से एक भालू लगातार नीचे छुरिया मंदिर तथा ऊपर पहाड़ी के मंदिर में भ्रमण करते नजर आ रहा है। भालू के भ्रमण का लगातार वीडियो बनाकर लोग सोशल मीडिया में वायरल भी कर रहे हैं। नगर सहित आसपास भालू के आमाद से नगरवासियों के बीच भय का वातावरण निर्मित है। वन विकास निगम सामान्य वन मंडल नगरवासियों की तरफ से सतर्कता बढ़ाई गई है। फॉरेस्ट अमले ने अंधेरे में मॉर्निंग वॉक पर नहीं निकलने की अपील की है।

एसडीओ वीरेंद्र पटेल वन विकास निगम ने उक्ताशय की पुष्टि कर बताया कि बड़े कद काठी का भालू लगभग 15 दिनों से लगातार मोहला छुरिया मंदिर और फॉरेस्ट विभाग के समीप दिखाई दे रहा है। जानमाल की कोई हानि नहीं हुई है। मंदिर परिसर में दीये जलत है, ऐसे में तेल पीने तथा फल-फूल चढ़वा को खाने की ललक ने भालू के आने की संभावना को बढ़ा दिया है। साथ ही ग्रामीणों से मीडिया के माध्यम से अपील की जा रही है कि अंधेरे में न निकले और ग्रुप में रहे।

सीधे मंदिर परिसर में पहुंचता है भालू

चश्मदितो के अनुसार बीते 15 दिनों से वयस्क भालू मां छुरिया मंदिर में पहुंच रहा है। नवरात्र में दिन और रात भीड़भाड़ होने के बावजूद भालू ने किसी को भी नुकसान नहीं पहुंचाया है। बड़े आराम से भालू मंदिर परिसर के भीतर विचरण कर तेल, फल-फूल को अपना निवाला बनकर वहां से रवाना हो जाता है, फिर वह दिन या रात को किसी भी वक्त मंदिर परिसर में दाखिल हो जाता है।



सतर्कता बरतने की अपील

भालू की संभावित मौजूदगी को देखते हुए लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। खासकर सुबह तड़के अंधेरे में मॉर्निंग वॉक के लिए अकेले बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई है। लोगों से कहा गया है कि उजाला होने के बाद ही घर से बाहर निकलें। यदि मॉर्निंग वॉक पर जाना जरूरी हो तो अकेले जाने के बजाय 3-4 लोगों के समूह में जाने की सलाह दी गई है।

शहर की व्यवस्था बिगड़ी, सड़क हादसों से जा रही जान

धान बचाने गांव वालों ने छोड़ा गौवंश, निगम ने ठोका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की सड़कों पर यत्र-तत्र बैठे मवेशियों की वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं। इन हादसों में गो-वंश के साथ ही लोगों की जान भी जा रही है। बीते माह ही दर्जनभर से अधिक गो-वंश की मौत हुई थी। शहर की सड़कों पर बड़ी संख्या में गो-वंश को लेकर ग्रामीण क्षेत्र से इन्हें शहर में छोड़े जाने का अंदेशा बना हुआ था। आज कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है। शहर के समीप सिंघोला क्षेत्र से लगभग 40-45 की संख्या में गो-वंश को शहर में छोड़ा जा रहा था, जिस पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई की गई।

ग्रामीण क्षेत्र से शहर में मवेशी लाकर छोड़े जाने से शहर के भीतर मवेशियों की संख्या काफी बढ़ गई है। जिससे यातायात बाधित होने के साथ ही इसके प्रबंधन के लिए नगर निगम को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। आज सुबह लगभग 7.30 बजे के करीब शहर के सिंघोला क्षेत्र से चार ग्रामीणों द्वारा लगभग चार दर्जन गो-वंश को लाकर शहर में छोड़ा जा रहा था।



ग्रामीण छोड़ते हैं मवेशी

नगर निगम द्वारा पकड़े गए इन मवेशियों को वापस सिंघोला क्षेत्र में भिजवाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में धान की फसल होने के चलते खेतों में मवेशी फसल चौपट करते हैं। जिसकी वजह से ग्रामीणों द्वारा अपनी मवेशियों को शहरी क्षेत्र में छोड़ दिया जाता है। जिसके चलते शहर में मवेशियों की तादाद बढ़ जाती है।

पार्षद की सूचना पर हुई कार्रवाई

वार्ड नंबर 51 के पार्षद द्वारा नगर निगम आयुक्त को सूचना दी गई कि सिंघोला क्षेत्र के ग्रामीण शहर के भीतर अपनी मवेशियों को छोड़ रहे हैं। सूचना मिलने पर नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम मौके पर पहुंचे और शहर में मवेशियों को छोड़े जाने के मामले में सिंघोला क्षेत्र के सरपंच और अन्य ग्रामीणों को बुलवाया गया। इस दौरान उन्हें समझाईश देते शहर में अपने मवेशियों को नहीं छोड़ने कहा गया।

लगाया गया जुर्माना

नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने बताया कि सिंघोला क्षेत्र से गो-वंश को शहर के हल्दी वार्ड में छोड़ा जा रहा था। जिसको लेकर कार्रवाई करते 7 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। भविष्य में इस तरह की पुनरावृति होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

शिकायत के महीनेभर बाद एक्शन ऋषिदेव जिला मंत्री पद से पदमुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- प्रदेश अध्यक्ष किरण ने जारी किया आदेश

भारतीय जनता पार्टी में अनुशासनहीनता के मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने राजनांदगांव जिला मंत्री ऋषिदेव चौधरी को उनके पद से पदमुक्त करने का आदेश जारी किया है। यह कार्रवाई संभाग प्रभारी, जिला प्रभारी एवं जिला संगठन के वरिष्ठजनों की अनुशंसा पर की गई है।

उल्लेखनीय है कि करीबन महीनेभर पहले राजनांदगांव मंडल अध्यक्ष के साथ कथित तौर पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने एवं हाथापाई के मामले की शिकायत सामने आई थी। शुरूआती शिकायत पर स्थानीय स्तर पर संगठन ने दोनों ही नेताओं को समझाईश देकर मामले को निपटाने का प्रयास किया था, लेकिन मंडल अध्यक्ष ठोस कार्रवाई को लेकर अड़े हुए थे। यही कारण रहा कि कुछ दिन पहले जब विधानसभा स्तर की बैठक लेने प्रभारी पहुंचे थे तो उनके समक्ष भी शिकायत दर्ज कराई गई थी। इस मामले में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कड़ा रूख अपनाते ऋषिदेव चौधरी को जिला मंत्री पद से विमुक्त करने का निर्णय लिया है। पार्टी नेतृत्व की इस कार्रवाई को संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखने की दिशा में उठाए गए कदम के रूप में देखा जा रहा है।

सौंप दिया था इस्तीफा

उल्लेखनीय है कि इस मामले की शिकायत के साथ ही मंडल अध्यक्ष ने एक पूर्व सांसद को अपना इस्तीफा भी सौंप दिया था। हालांकि इस्तीफा संगठन को ना सौंपे जाने के चलते स्वीकार नहीं हुआ था। वहीं मंडल अध्यक्ष ने भी जिले से लेकर प्रदेश तक अपनी शिकायत में यह बात रखी थी कि यदि ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो आगे भी इस तरह की घटनाएं अन्य पदाधिकारियों के साथ हो सकती है। जिसके बाद ही प्रदेश संगठन ने आदेश जारी किया है।

पुरानी रंजिश ने लिया खूनी रूप दो पक्षों में जमकर भिड़ंत, 9 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ शहर में चाकूबाजी और मारपीट की घटनाओं पर अंकुश लगता नजर नहीं आ रहा है। ताजा मामला शहर के वार्ड नंबर 2 स्थित कुम्हारपारा और नाकापारा के आसपास का है, जहां पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जिसमें दोनों पक्षों के करीब नौ लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। घायलों में कुछ की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए राजनांदगांव रेफर किया गया है। वहीं पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पूरा मामला डोंगरगढ़ शहर का है, जहां आपसी विवाद और मारपीट की घटनाएं कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर रही है। बीते दिन देर शाम वार्ड नंबर 2 के कुम्हारपारा और नाकापारा के आसपास दो पक्ष आमने-सामने आ गए। बताया जा रहा है कि विवाद की जड़ बीते नवरात्र के दौरान हुआ पुराना झगड़ा है। इसी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहा-सुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट और हिंसक संघर्ष में बदल गई। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं। जिनमें गंभीर रूप से घायल लोगों को राजनांदगांव रेफर किए जाने की जानकारी है।

पुलिस ने दर्ज किया मामला

पुलिस के अनुसार घटना में एक पक्ष के रवि वर्मा, मनोज कुंभकार, मोहन कुंभकार, दुर्गेश कुंभकार, शांतिबाई कुंभकार और नारायण कुंभकार घायल हुए हैं। वहीं दूसरे पक्ष से भार्गव राव, मनीष कुमार वर्मा और सुमित मिश्रा के घायल होने की जानकारी दी गई है। मामले में एक पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने बलवा, आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस आरोपी देव वर्मा और सुमित मिश्रा सहित संबंधित आरोपियों की तलाश में जुटी है।

जांच के बाद सामने आएगी सच्चाई

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। विवाद की वास्तविक वजह चाकूबाजी में किसकी भूमिका रही और वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे घटनाक्रम का मामले से क्या संबंध है, इन सभी बिंदुओं पर जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। शहर में लगातार सामने आ रही मारपीट और चाकूबाजी की घटनाओं के बीच अब लोगों की नजर पुलिस की कार्रवाई पर टिकी है।

जन्मोत्सव पर निशान यात्रा 18 नवंबर को

राजनांदगांव। श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा स्थानीय श्री हनुमान श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय महोत्सव 17 से 21 नवंबर तक श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाए जाने हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही है। श्री श्याम भरोसे परिवार के राजेश शर्मा, शंकर सिंह कोठारी, अमित खंडेलवाल, बंशी अग्रवाल, संतोष बावरिया, योगेश लोहिया एवं प्रशांत अग्रवाल के अनुसार खाटू वाले श्याम प्रभु का जन्मोत्सव अनेक वर्षों से भक्तिभाव पूर्वक मनाया जा रहा है। आगामी 20 नवंबर को श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर पांच दिवसीय आयोजन 17 से 21 नवंबर तक संपन्न होंगे।

लॉटरी पद्धति से फटाका दुकानों का आबंटन 29 को

राजनांदगांव। इस वर्ष भी दीपावली में फटाका दुकान लगाया जाना है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा लाईसेंसी फटाका व्यवसायियों से अस्थाई भूखण्ड शुल्क जमा करने 29 अक्टूबर तक तिथि निर्धारित किया गया है। शुल्क जमा उपरांत लाटरी के माध्यम से अस्थाई भूखण्ड आबंटन की कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने बताया कि इस वर्ष फटाका दुकान सर्वेश्वर दास उच्चतर माध्यमिक शाला के मैदान में लगाए जाने प्रक्रिया की जा रही है। प्रक्रिया के तहत नगर निगम द्वारा फटाका दुकान के लिए लाईसेंसी फटाका व्यवसायियों से 29 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे तक वर्तमान नवीनीकृत लाईसेंस वर्ष 2026-27 की स्व प्रमाणित प्रतिलिपि एवं छत्तीसगढ़ वस्तु व सेवाकर अधिनियम 2017 की धारा 24 (2) अंतर्गत साधारण टैक्स पेयर के तहत जीएसटी पंजीयन की प्रति के साथ आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन के लिए आवेदन शुल्क एवं अस्थायी भूखंड आबंटन शुल्क राशि 4850 रुपए देकर आवेदन प्राप्त कर जमा किए जाएंगे। आयुक्त श्री मरकाम ने बताया कि इस वर्ष की प्रक्रिया के तहत नगर निगम द्वारा फटाका दुकान के लिए लाईसेंसी फटाका व्यवसायियों से 29 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे तक वर्तमान लाईसेंस वर्ष 2026-27 के प्रति के साथ आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन के लिए आवेदन शुल्क एवं अस्थाई भूखंड आबंटन शुल्क राशि रुपए 4580 निर्धारित तिथि 29 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे तक आवेदन के साथ जमा करना होगा।

पूर्णिमा ने किया राजगामी संपदा की जमीनों का निरीक्षण

अतिक्रमण का लिया जायजा



- शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की योजना पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में राजगामी संपदा न्यास की जमीनों के बेहतर उपयोग, अतिक्रमण से जुड़े मामलों की समीक्षा और प्रस्तावित विकास कार्यों को गति देने की दिशा में राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष पूर्णिमा साहू ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया।

उन्होंने बाकल-पनेका क्षेत्र में अतिक्रमण के मामलों का जायजा लिया, जहां अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। इसके साथ ही शहर में व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कमला कॉलेज के समीप तथा मेजर ध्यानचंद के पीछे गौरव पथ स्थित राजगामी संपदा की जमीन पर प्रस्तावित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स एवं बैंक परिसर की योजना को पुनर्जीवित करने के संबंध में भी स्थल निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष पूर्णिमा ने विभिन्न स्थलों की स्थिति का जायजा लिया। बाकल-पनेका में अतिक्रमण से संबंधित मामलों को देखते जमीन की वर्तमान स्थिति और प्रशासनिक कार्रवाई से जुड़े पहलुओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर सीएल मार्कंडेय, तहसीलदार प्यारेलाल नाग सहित राजगामी संपदा न्यास के कर्मचारी उपस्थित रहे।

झगड़े से परेशान पति ने पत्नी को नदी में धकेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आए दिन झगडा करने से पति ने अपनी पत्नी को शिवनाथ नदी मोहारा में धक्का देकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी मयूर मेश्राम उर्फ रिंकु अपनी पत्नी नीलम के साथ छोटी-बड़ी बातों को लेकर होने वाले विवाद से परेशान था। आरोप है कि इसी के चलते उसने पत्नी को मोहारा नदी में ले जाकर पानी में धक्का दे दिया। जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत अपराध दर्ज किया है। न्यायालय में पेश किए जाने के बाद जेल वारंट मिलने पर आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव दाखिल कर दिया गया है।

पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा



पुलिस के मुताबिक 22 अक्टूबर को घेराबंदी कर मयूर मेश्राम उर्फ रिंकु को पकड़ा गया। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना अपराध स्वीकार किए जाने की बात पुलिस ने कही है। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट मिलने पर उसे जिला जेल राजनांदगांव भेज दिया गया।

घूमने के बहाने ले गया था

पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपने साले को बताया कि उसकी पत्नी अक्सर छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद करती थी और वह इससे परेशान था। आरोप है कि 21 अक्टूबर 2026 की शाम करीब 7 बजे वह पत्नी नीलम को मोहारा नदी घूमने जाने की बात कहकर छोटा पुलिया के पास ले गया। पुलिस के मुताबिक नदी के पास दोनों के बीच बातचीत के दौरान फिर विवाद हुआ। इसी दौरान आरोपी ने कथित तौर पर पत्नी को नदी में धक्का दे दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी को पता था कि नीलम को तैरना नहीं आता, इसके बावजूद उसने उसे पानी में धकेला।

साले को बताई घटना, दर्ज हुआ हत्या का मामला

घटना के बाद आरोपी ने कथित तौर पर अपने साले को पूरी बात बताई। शिकायत मिलने पर बसंतपुर थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपराध दर्ज किया और भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत जांच शुरू की। घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर और नगर पुलिस अधीक्षक एसपी तिवारी के दिशा-निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक कौशलेश देवांगन के नेतृत्व में आरोपी की तलाश शुरू की गई।



खबर संक्षेप

कुंडा तहसील के विधायक प्रतिनिधि बने ओम यदु कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

कोलेगांव। कुंडा तहसील क्षेत्र के लिए ओम यदु को विधायक



प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर भाजपा कुंडा मंडल के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दीं। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा जारी आदेश के अनुसार भाजपा के वरिष्ठ नेता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा एवं जिला अध्यक्ष सर्व यादव समाज कवर्धा ओम यदु को कुंडा तहसील क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि के रूप में अधिकृत किया गया। ओम यदु पूर्व सरपंच तथा लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं और भाजपा संगठन के विभिन्न कार्यों में अपनी भागीदारी निभाते रहे हैं। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में उनकी पहचान और सामाजिक संपर्क को देखते हुए उनकी नियुक्ति को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि के रूप में वे क्षेत्रीय समस्याओं एवं जनहित से जुड़े विषयों को विधायक तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभा सकेंगे। इस नियुक्ति पर श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र, छत्र किशोर सानू तिवारी, रामाधार शर्मा, सुरेश दुबे, विकास पांडेय, मोहन चंद्रवंशी, अश्विनी यदु, मनहरण साहू, रामपाल चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, कपिल चंद्राकर, ईश्वर चंद्राकर, भोला चंद्रवंशी, सुखचंद भास्कर, देवेंद्र चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, भागीरथी सोनवानी, श्रीमती भानुमति साहू, श्रीमती सुमन गुप्ता, निलेश गुप्ता, अमन खनूजा, संतोष साहू, परमेश्वर साहू, धर्मेंद्र साहू, भागवत साहू, रमन खनूजा, कुलेश्वर साहू, सरवन साहू, सुधा राम साहू, मुकेश यदु एवं घनश्याम चंद्रवंशी सहित भाजपा कुंडा मंडल के कार्यकर्ताओं ने बधाई दीं।

दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए 25 अक्टूबर तक आमंत्रित

कवर्धा। दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, उनके अधिकारों के संरक्षण तथा दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार 2026 के लिए विभिन्न संवर्गों से उत्कृष्ट प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। इस पुरस्कार के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिव्यांग कर्मचारियों, दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत स्वैच्छिक संस्थाओं, सर्वोत्तम जिले तथा उत्कृष्ट नियोक्ताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागों से पात्र दिव्यांग कर्मचारियों एवं संस्थाओं के प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा अपील की गई है कि यदि किसी विभाग के अंतर्गत पुरस्कार के लिए पात्र दिव्यांग कर्मचारी अथवा दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वैच्छिक संस्था उपलब्ध हो, तो उनकी प्रविष्टियां निर्धारित पात्रता के अनुरूप तैयार कर 25 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से समाज कल्याण विभाग कबीरधाम को उपलब्ध कराएं। साथ ही साथ उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारी, स्वैच्छिक संस्थाएं, सर्वश्रेष्ठ जिला एवं नियोक्ता सम्मानित होंगे।

उप मुख्यमंत्री के सख्त रुख के बीच जिले में कार्रवाई जारी

पीएम जनमन आवास योजना में ठगी, ठेकेदार के विरुद्ध मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने तथा उनके



अधिकारों की रक्षा को लेकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्पष्ट किया है कि आवास निर्माण के नाम पर हितग्राहियों से धोखाधड़ी करने और उनकी राशि का दुरुपयोग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पिछले दिनों दो ठेकेदारों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज होने के बाद अब बोड़ला विकासखंड के ग्राम दुलदुला में तीन हितग्राहियों से राशि लेने और आवास निर्माण पूरा नहीं करने के मामले में ठेकेदार शेख निजामुद्दिन उर्फ निक्की खान के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज की गई है।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी जरूरतमंद परिवार पक्के मकान से वंचित न रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विशेष रूप से दूरस्थ वनांचलों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम दुलदुला ग्राम पंचायत बेंदा में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत हितग्राही राजिम धुर्वे द्वारा ठेकेदार शेख निजामुद्दिन उर्फ निक्की खान के विरूद्ध आवास निर्माण करने के नाम पर पैसे लेने के बाद भी आवास का निर्माण कार्य पूरा नहीं करने पर तथा पैसा वापस मांगने पर नहीं लौटाने के कारण थाना चिल्फी में भारतीय न्याय सहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 318 (4) के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया गया।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार हितग्राही राजीम धुर्वे एवं उनके बड़े भाई सोनेलाल धुर्वे तथा पड़ोसी छिरवैया धुर्वे के नाम से प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना की स्वीकृति मिली थी। प्रथम किस्त की राशि 40 हजार रूपए प्राप्त कर भूतपूर्व सरपंच पति शेख निजामुद्दिन उर्फ निक्की खान द्वारा आवास निर्माण का ठेका लिया गया। दूसरे किस्त की राशि 60 हजार रूपए भी ठेकेदार को नगद भुगतान किया गया। पैसे लेने के बाद भी आवास का निर्माण पूरा नही किया गया। हितग्राही द्वारा अपने आवेदन में दी गई सूचना अनुसार तीन हितग्राही से 80-80 हजार रूपए सहित कुल 2,40,000 रूपए की राशि छलपूर्वक लेते हुए ठगी करने की शिकायत पर थाना चिल्फी द्वारा एफआईआर दर्ज किया गया है।

हितग्राहियों से छल पूर्वक आवास निर्माण करने के नाम पर ठगी की गई



उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जनमन आवास के निर्माण कार्यों में कुछ स्थानों पर ठेकेदारों द्वारा हितग्राहियों से छल पूर्वक आवास निर्माण करने के नाम पर ठगी की गई है। निर्माण कार्य पूरा नहीं करने और पैसे वापस नहीं करने पर अब-तक कुल तीन ठेकेदारों के विरूद्ध हितग्राहियों द्वारा संबंधित आरक्षी केन्द्र में एफआईआर दर्ज कराया गया है। जिसमें बैसाखू बैगा पिता अंकलू बैगा ग्राम आमानारा द्वारा थाना तरेगांव जंगल में ठेकेदार तुमेश गोड़ के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया है। इसी तरह देवसिंह पिता गौचरण ग्राम राजाढ़ार द्वारा थाना चिल्फी में ठेकेदार कुमार मेरावी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया है। अब तक हुए एफआईआर अनुसार तीन ठेकेदारों के विरूद्ध कुल 7 लाख 49 हजार रूपए की ठगी करने का आरोप है जिसके कारण हितग्राहियों द्वारा थानें में रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।



ताई-तिरनी में धूमधाम से मनाया गया दशहरा

- 31 फीट ऊंचे रावण का आतिश बाजी के साथ किया दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

पंडरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत दमगढ़ के आश्रित ग्राम ताईतिरनी में वनांचल दुर्गोत्सव समिति द्वारा दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर मुख्य आकर्षण 31 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन आकर्षक आतिशबाजी और भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व हनुमान जी महाराज की भव्य झांकी रही। वनांचल क्षेत्र में समिति द्वारा पिछले 22 वर्षों से लगातार मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सहयोग से छत्तीसगढ़ी लोककला मंच माटी मोर महतारी के शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसने ग्रामीणों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दमगढ़ सरपंच श्रीमती सौनी बाई धुर्वे, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती रमिहा मरावी, अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता व अधिवक्ता सुधीर पाण्डेय सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अतिथियों ने अपने संबोधन में भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा वनांचल की गौरवशाली संस्कृति, सामाजिक एकता और धार्मिक परंपराओं को सहेजने का संदेश दिया। इस भव्य मेले और उत्सव में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में जनसैलाब उमड़ा।

दलपुरुवा के ग्रामीणों की सराहनीय पहल



- पंचायत प्रस्ताव के बाद सामूहिक निर्णय से 40 एकड़ गोचर भूमि कब्जा मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विकास और सामाजिक समरसत्ता की एक अनूठी मिशाल पेश करते हुए ग्राम दलपुरुवा के ग्रामीणों ने एक ऐतिहासिक और सराहनीय पहल की है। वर्षों से अवैध कब्जे की चपेट में रही गांव की बहुमूल्य शासकीय और गोचर भूमि को ग्रामीणों ने आपसी सहमति और सामूहिक निर्णय के बल पर पूरी तरह से कब्जा मुक्त करा लिया है। ग्राम पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव के बाद शुरू हुए इस अभियान ने न केवल गांव की सूरत बदल दी है, बल्कि पूरे क्षेत्र में सामुदायिक एकजुटता का एक नया उदाहरण भी प्रस्तुत किया है। ग्राम दलपुरुवा में लगभग 40 एकड़ गोचर (मवेशियों के चरने की) भूमि पर लंबे समय से अतिक्रमण था। इसके कारण गांव के मवेशियों के चरने और सार्वजनिक कार्यों के लिए जगह की भारी कमी हो रही थी।

इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए ग्राम पंचायत की बैठक में गोचर भूमि को मुक्त कराने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। ग्राम दलपुरुवा के डोमन चंद्रवंशी, जितेन्द्र चंद्रवंशी, दुर्गेश चंद्रवंशी, सुरेन्द्र चंद्रवंशी, राजू चंद्रवंशी, महेत्तरु चंद्रवंशी, सरजू चंद्रवंशी, मनीष चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत प्रस्ताव के बाद गांव के वरिष्ठों, युवाओं और जनप्रतिनिधियों ने एक साथ बैठकर सामूहिक निर्णय लिया और बिना किसी आपसी विवाद या प्रशासनिक सख्ती के स्वयं आगे आकर अतिक्रमण हटाने का संकल्प लिया।

इसके परिणामस्वरूप लगभग 40 एकड़ गोचर भूमि को सफलता पूर्वक मुक्त करा लिया गया, जिसे अब सार्वजनिक उपयोग और मवेशियों के चारागाह के रूप में विकसित किया जाएगा।

गलियों के चौड़ीकरण के लिए खुद ही मकान तोड़ रहे मालिक

ग्राम दलपुरुवा में केवल गोचर भूमि की मुक्ति तक ही विकास का पहिया नहीं रुका, बल्कि गांव की तंग गलियों और सड़कों के चौड़ीकरण का कार्य भी बड़े पैमाने पर शुरू किया गया है। सुगम आवागमन और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जब गलियों की चौड़ाई निर्धारित की गई, तो कई ग्रामीणों के मकान उस दायरे में आ गए। आमतौर पर ऐसे मामलों में विवाद और विरोध की स्थितियां निर्मित होती हैं, लेकिन दलपुरुवा के निवासियों ने अप्रत्याशित बड़प्पन और नागरिक कर्तव्य का परिचय दिया। निर्धारित चौड़ाई की जद में आने वाले मकानों के मालिकों ने बिना किसी झिझक के स्वयं ही अपने मकानों के आंशिक हिस्सों और बाउंड्री वॉल को तोड़ना शुरू कर दिया है।

क्षेत्र में हो रही ग्रामीणों की सराहना

गांव के हित और सार्वजनिक विकास के लिए व्यक्तिगत नुकसान की परवाह न करते हुए उठाये गए इस कदम की पूरे क्षेत्र में जमकर सराहना हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि चौड़ी सड़कें और अतिक्रमण मुक्त गोचर भूमि आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल और व्यवस्थित भविष्य का आधार बनेगी। ग्राम दलपुरुवा की इस सामूहिक पहल ने यह साबित कर दिया है कि यदि इच्छाशक्ति और आपसी तालमेल हो, तो बिना किसी शासकीय दबाव या विवाद के भी गांव के बड़े से बड़े विकास कार्यों को सुगमता से अमलीजामा पहनाया जा सकता है। यह पहल अन्य पंचायतों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गई है।

बिजली गुल से क्षेत्र के किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय क्षेत्रांतर्गत ग्राम हरिनछपरा ग्रामीणों के चेहरे पर चिंता की लकीरे साफ दिखाई दे रहे है। बताया जाता है कि पानी के अभाव के कारण अब धान में कई प्रकार की बीमारियां और संक्रमण होने की आशंका है, जिसे लेकर किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ रात भर बिजली बंद हो जाने के कारण किसानों के हालात बहुत खराब हो चुके हैं। धान की फसल में पर्याप्त पानी नहीं होने से धान परिपक्व होकर तैयार नहीं हो पा रहा है, इसलिए किसानों को चिंता सताने लगी है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि कि बिजली विभाग से बार-बार गुहार लगाने के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, उल्टा रात में बिजली बंद कर दी जाती है, जिससे कई किसानों के खेतों में पानी का अभाव से लगभग 200 से 300 किसाने धान की फसलों को लेकर चिंतित है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार धान फसल परिपक्व करने के लिए पानी की आवश्यकता पड़ती है, तभी फसल अच्छी पैदावार देती है। लेकिन सिंचाई के अभाव से वर्तमान में बोर के सहारे से सिंचाई का कार्य किया जाता है, लेकिन बिजली के अभाव के कारण किसानों के बोर भी ठप हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में धान की पैदावार करना किसानों के लिए बड़ी चुनौती है। जिस पर ग्राम हरिनछपरा के किसानों ने बिजली विभाग के जिम्मेदारों से रात में बिजली बंद पर रोक तथा रात में बिजली पूर्ति की मांग की गई ताकि किसानों की फसल सिंचाई समय पर हो जाएं व समर्थन मूल्य पर अपने धान की फसल को बेच सकें।



शासन-प्रशासन को इस ध्यान देने की जरूरत

बताया जाता है कि हरिनछपरा के ग्रामीण किसान टीकाराम सिन्हा, पंचराम साहू, बाबूराम सिन्हा, रामकुमार सिन्हा, आनंद दास बघेल, संतराम धुर्वे, महेंद्र चंद्रवंशी, शंकर साहू व किसान ने बिजली अभाव के कारण अत्यंत प्रभावित हो चुके हैं और परेशान नजर आ रहे हैं। इस ओर शासन-प्रशासन को ध्यान देकर बिजली विभाग से रात में बिजली चालू करने की मांग की गई है ताकि किसानों की फसलों को पर्याप्त पानी मिल सके और फसल पर फैल रही रोगों से भी बचाया जा सके।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना से आत्मनिर्भर बने व संवारा अपना भविष्य

- कॉलेज में सीखा हुनर, अब हर महीने कमा रहे 8 से 10 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कहते हैं कि हुनर और मेहनत से सफलता की राह आसान हो जाती है। इसे सच कर दिखाया है कबीरधाम जिले के ग्राम रेलाई निवासी ताम्रकार पटेल ने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर उन्होंने अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू किया और आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया। ताम्रकार पटेल, लोहारा कॉलेज में पढ़ाई कर रहे थे। इसी दौरान लाइवलीहुड कॉलेज महाराजपुर के प्रशिक्षक रुपेश चंद्रवंशी एवं काउंसलर ने कॉलेज पहुंचकर युवाओं को कौशल प्रशिक्षण की जानकारी दी। इससे प्रेरित होकर उन्होंने रिटेल सेक्टर के अंतर्गत रिटेल सेल्स एसोसिएट कोर्स में प्रवेश लिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने रिटेलिंग, मार्केटिंग, ग्राहक सेवा, बिलिंग और कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी सीखी। प्रशिक्षण से उनका आत्मविश्वास बढ़ा और खुद का व्यवसाय शुरू करने की राह मिली। इसके बाद उन्होंने अपने गांव रेलाई में 'काली सीसीटीवी कैमरा' नाम से दुकान शुरू की। आज वे इस व्यवसाय से अपने काम के अनुसार प्रतिमाह लगभग 8 से 10 हजार रूपए तक का लाभ अर्जित कर रहे हैं।

संकीर्तन-भजन कर मां दुर्गा को दी अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

सिंघनपुरी में विजया मां दुर्गा उत्सव समिति द्वारा नवरात्रि पर्व के अवसर पर दुर्गा मां की प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी, जिनकी 9 दिनों तक श्रद्धा-भक्ति के साथ पूजा-आरती की गई। सेवा गीत, भक्ति भजन के अलावा प्रसाद वितरण किया गया। नवरात्रि पर गांव का वातावरण पूरी तरह देवी आराधना भक्ति में डूबा रहा। वहीं दुर्गा समिति के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से मां दुर्गा की प्रतिमाओं को ढोलक, झांझ, मंजीरा बजाते हुए विधि-विधान से तालाब में विसर्जन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थें।

आरपीएस में पालक शिक्षक सम्मलेन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर के श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल में पालक शिक्षक सम्मलेन के साथ विविध विषयों पर आधारित मॉडलों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान सहित विभिन्न विषयों से संबंधित आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता, वैज्ञानिक सोच और रचनात्मक कौशल का परिचय देते हुए विभिन्न मॉडलों के माध्यम से जटिल विषयों को सरल एवं रोचक ढंग से समझाया। विद्यार्थियों ने अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली और उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देना तथा उनमें नवाचार एवं आत्मविश्वास की भावना जागृत करना था।

सम्मेलन में पधारे समस्त पालकों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती एम शारदा ने बच्चों को अध्ययन के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और मेहनत की प्रशंसा की।

न्यायालय जिला विवाह अधिकारी, जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)

सार्वजनिक सूचना

प्रकरण क्रमांक- 202610301600002
शीर्षः- ब-121/विवाह/वर्ष 2025-2026

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक रुबेन सिंह कचलाम पिता सुखुराम कचलाम, उम्र 26 वर्ष, जाति-गांडा, निवासी ग्राम-कुंवारदल्ली, तहसील-मोहला, जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.) एवं आवेदिका मुक्तेश्वरी टांडिका पिता दलसिंह टांडिया उम्र 24 वर्ष, जाति पनिका निवासी ग्राम दलदली, तहसील-बोडला, जिला कवर्धा (कबीरधाम) (छ.ग.) के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अध्याय-2 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 09/11/26 तक 11:00 बजे के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 09/10/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

अपर कलेक्टर
एवं जिला विवाह अधिकारी
जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी

केंद्र प्रभारियों को दिया गया शासन की गाइडलाइन का प्रशिक्षण

धान खरीदी की तैयारी पूरी करने दिए निर्देश



केंद्रों में सुविधा व्यवस्था दुरुस्त पर जोर

बैठक में खाद्य अधिकारी ने समिति प्रबंधकों एवं केंद्र प्रभारियों से धान खरीदी की प्रारंभिक तैयारियों की बिंदुवार जानकारी ली। उन्होंने केंद्रों में सुगम पहुंच मार्ग, कार्यालय भवन, चबूतरे एवं फड़ का समतलीकरण, पेयजल, शौचालय, किसानों के बैठने और विश्राम के लिए छायादार स्थान, सुरक्षा तथा जल निकासी जैसी व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा तौल कांटों एवं बाटों का सत्यापन, कम्प्यूटर, प्रिंटर, विद्युत व्यवस्था, बारदाना एवं अन्य आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को सुचारू, पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए कबीरधाम जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देश पर खाद्य विभाग ने नवीन धान उपार्जन समितियों एवं केंद्रों के प्रबंधकों और प्रभारियों की बैठक आयोजित कर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं 10 नवंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन की धान खरीदी संबंधी गाइडलाइन का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। जिले में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए कुल 145 उपार्जन केंद्रों की व्यवस्था की जा रही है। इनमें 108 पूर्व से संचालित तथा 37 नवीन उपार्जन केंद्र शामिल हैं। खरीदी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी केंद्रों में निर्धारित मापदंडों के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।



खबर संक्षेप

जिला स्तरीय रोजगार मेला 28 अक्टूबर को

बोड़ला। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम द्वारा 28 अक्टूबर 2026, बुधवार को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले के माध्यम से जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निजी प्रतिष्ठानों एवं संस्थाओं से रिक्त पदों की जानकारी सहित मांगपत्र आमंत्रित किए गए हैं।
जिले के ऐसे निजी प्रतिष्ठान एवं संस्थाएं, जो अपनी संस्था में तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदों पर भर्ती करना चाहते हैं, वे निर्धारित प्रारूप में मांगपत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

बैगा बच्चों की मौत को लेकर कांग्रेस जांच दल ने अस्पताल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

कबीरधाम जिले के रेंगाखार वनांचल स्थित ग्राम नंदनी कुमान में पांच बैगा बच्चों की मौत और करीब 16 कुपोषित बच्चों के उपचार का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित सात सदस्यीय जांच समिति ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला पहुंचकर जमीनी स्थिति का जायजा लिया।

मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी के नेतृत्व में पहुंचे जांच दल ने अस्पताल का निरीक्षण किया और भर्ती बैगा समुदाय सहित अन्य मरीजों व उनके परिजनों से मुलाकात कर स्वास्थ्य सुविधाओं और इलाज की जानकारी ली। अस्पताल में जांच के दौरान ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. पुरुषोत्तम राजपूत अनुपस्थित रहे।

हालांकि, बताया गया कि वे बैजलपुर दौरे पर गए हुए थे, लेकिन इस पर कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। विशेष संरक्षित जनजाति के बच्चों की मौत और कुपोषण जैसे अति-संवेदनशील व गंभीर मुद्दे पर गठित प्रदेश स्तरीय जांच समिति के आगमन की पूर्व सूचना होने के बावजूद बीएमओ का मौके पर न होना उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है। क्या बीएमओ को जांच समिति के दौरे की जानकारी नहीं थी, या वे जानबूझकर जिम्मेदारी से बचते नजर आए?

बैगा समुदाय को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं पर सवालिया निशान



समिति के सदस्यों ने विशेष संरक्षित जनजाति बैगा समुदाय के बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति और उन्हें समय पर उचित इलाज न मिलने पर गहरी चिंता जताई। दल ने बच्चों के उपचार और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर जानकारी जुटाई।

जांच समिति और स्थानीय पदाधिकारी रहे मौजूद

जांच समिति में विधायक इंद्रशाह मंडावी, विधायक सावित्री मंडावी, जनक ध्रुव, हर्षिता बघेल, भानु प्रताप सिंह, ममता चंद्राकर और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों में रामचरण साहू, सावित्री साहू, सीमा अगम आनंद, मनीष शर्मा, गोपाल चंद्रवंशी, दीपक मारो, छवि वर्मा, बंटी खान, राकेश यादव, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू और युधांशु बघेल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित थे। फिलहाल, जांच समिति द्वारा जुटाई गई जानकारी और उसकी विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही, एनआरसी रिकॉर्ड में गड़बड़ी और मौतों के वास्तविक कारणों पर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी।

हड़ताल: जिलेभर के कोटवारों ने निकाली रैली, पहुंचे जिला कार्यालय

मानदेय सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर सड़क पर उतरे कोटवार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रांतीय आह्वान पर अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को जिलेभर के कोटवारों ने प्रदर्शन किया।

मानदेय में बढ़ोतरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर करीब 500 कोटवार रैली निकालकर जिला कार्यालय पहुंचे। हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया और सड़क जाम कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान कोटवारों ने शासन-प्रशासन से मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की।

कोटवार संघ के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कोटवार शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने एकजुट होकर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की और शासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया। रैली के जिला कार्यालय पहुंचने के बाद कोटवारों ने अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।



मांगें पूरी नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल

कोटवार संघ ने स्पष्ट किया कि शुक्रवार को किया गया प्रदर्शन एक दिवसीय सांकेतिक आंदोलन था। इसके माध्यम से शासन तक अपनी मांगें पहुंचाने और शीघ्र निराकरण की मांग की गई है। संघ ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाले दिनों में अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। ऐसे में कोटवारों के आंदोलन को लेकर अब शासन के अगले कदम पर नजर रहेगी।

पंद्रह हजार मानदेय की मांग

कोटवार संघ ने बढ़ती महंगाई को देखते हुए वर्तमान 3 हजार रुपये के मानदेय को बढ़ाकर 15 हजार रुपये प्रतिमाह करने, राजस्व विभाग में संविलियन और नगर पालिका एवं नगर निगम क्षेत्रों में कोटवारों की नियुक्ति समेत चार सूत्रीय मांगें रखी हैं। कोटवारों का कहना है कि अपनी मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से प्रांतीय स्तर पर प्रदर्शन का आह्वान किया गया था। इसी के तहत जिलेभर के कोटवार एकजुट होकर सड़क पर उतरे और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

पंडरिया सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक का कुकदूर तबादला

- सहकारी समिति कर्मचारियों ने दर्ज कराई थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पंडरिया स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा में पदस्थ शाखा प्रबंधक तौकीर मोहम्मद खान का तबादला कुकदूर शाखा कर दिया गया है।

बैंक प्रबंधन के जारी आदेश के अनुसार, उन्हें तत्काल प्रभाव से नई पदस्थापना पर भेजा गया है। इस फेरबदल को सहकारी समिति कर्मचारियों की शिकायतों से जोड़कर देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार, पंडरिया विकासखंड की विभिन्न सहकारी समितियों के प्रभारियों, समिति प्रबंधकों और कर्मचारियों ने शाखा प्रबंधक की कार्यशैली पर सवाल उठाए थे। कर्मचारियों ने कथित असहयोगात्मक रवैये, कामकाज में देरी और समन्वय की कमी से समितियों के नियमित कार्य प्रभावित होने की शिकायत की थी।

उनका कहना था कि इससे किसानों से जुड़े बैंकिंग लेन-देन, खाद-बीज वितरण और अन्य विभागीय कार्यों में भी परेशानी हो रही थी। समस्याओं को लेकर सहकारी समिति कर्मचारियों ने पंडरिया विधायक भावना बोहरा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था। कर्मचारियों ने शाखा प्रबंधक की कार्यशैली से जुड़ी शिकायतें रखते हुए उनका स्थानांतरण करने की मांग की थी। बताया गया कि विधायक ने मामले को संबंधित बैंक अधिकारियों और जिला प्रशासन के समक्ष उठाकर कार्रवाई की मांग की। कर्मचारियों का दावा है कि विधायक के हस्तक्षेप के बाद करीब 48 घंटे के भीतर स्थानांतरण आदेश जारी हो गया। तौकीर मोहम्मद खान को पंडरिया से हटाकर कुकदूर शाखा भेजे जाने के बाद कर्मचारियों ने राहत जताई है। हालांकि, बैंक प्रबंधन की ओर से स्थानांतरण के आधिकारिक कारण और शिकायतों की जांच के संबंध में स्थिति स्पष्ट होना बाकी है। स्थानांतरण को कर्मचारियों के सभी आरोपों की पुष्टि के रूप में नहीं देखा जा सकता।



फाईल फोटो

अब व्यवस्था में सुधार की उम्मीद

तबादले के बाद सहकारी समिति कर्मचारियों ने विधायक भावना बोहरा के प्रति आभार जताया। वहीं, अब बैंक की कार्यप्रणाली में सुधार और समितियों के साथ बेहतर समन्वय की उम्मीद की जा रही है। पंडरिया क्षेत्र की सहकारी समितियों से बड़ी संख्या में किसान जुड़े हैं। ऐसे में बैंकिंग लेन-देन, खाद-बीज वितरण और अन्य किसान हितैषी कार्यों का समय पर निपटारा जरूरी है। अब देखना होगा कि इस प्रशासनिक फेरबदल के बाद समितियों की समस्याओं का समाधान कितनी तेजी से होता है और किसानों को बैंकिंग सेवाओं में होने वाली परेशानियों से कितनी राहत मिलती है।

25 अक्टूबर को सजेगी सुरों की महफिल विधायक भावना बोहरा होंगी मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

गोल्डन वॉयस इवेंट्स द्वारा जिले के सबसे बड़े कराओके उत्सव स्वर संगम सीजन-1 का भव्य आयोजन रविवार, 25 अक्टूबर को वीर सावरकर भवन में प्रातः 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जा रहा है।



सायंकालीन सत्र की मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक भावना बोहरा होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी करेंगे। प्रातःकालीन सत्र की शुरुआत नगरपालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के मुख्य आतिथ्य में होगी। प्रतिभागियों की धड़कनें बढ़ गई हैं, क्योंकि सुरों की महफिल सजने में अब चंद ही दिन शेष हैं। स्वरांजली पंडरिया की सफलता के बाद यह पहला कदम है जो पूरे जिले को संगीत के एक सूत्र में पिरोने जा रहा है। इस महासंगम में कबीरधाम सहित मुंगेली, बिलासपुर, राजनांदगांव एवं दुर्ग सहित 5 जिलों से सुरों के सितारे कवर्धा की धरती पर पदार्पण करेंगे। संस्थापिका रश्मि केशरवानी, आयोजक वीनू चावला, संचालक रमेश रावत, सदस्य बलवीर सिंह एवं सुरेश झारिया ने बताया कि तैयारियां अंतिम चरण में हैं। साउंड, एलईडी वॉल, लाइट्स, मंच, फोटो-वीडियोग्राफी, टेंट एवं कैटरिंग की व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। प्रतिभागियों के सम्मान हेतु आकर्षक मोमेंटो तैयार हैं तथा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर होर्डिंग्स लगाए गए हैं।

इस पूरे आयोजन के होस्ट एवं एंकर की भूमिका संचालक रमेश रावत निभाएंगे, जो प्रत्येक प्रतिभागी की गायकी, खूबी और सफर को मंच से साझा करते हुए नजर आएंगे। कार्यक्रम दो चक्रों में होगा, प्रत्येक प्रतिभागी दो गीत प्रस्तुत करेंगे। प्रथम राउंड टोकन आधारित होगा, जबकि द्वितीय राउंड में बाहरी जिलों के प्रतिभागियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

ऊर्जा संरक्षण पर चित्रकला प्रतियोगिता



हरिभूमि/कवर्धा। पीएम श्री सेजेस एमएस (हिंदी माध्यम) पिपरिया में ऊर्जा संरक्षण एवं दक्षता विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कक्षा छठवीं के 29, सातवीं के 26 और आठवीं के 22 विद्यार्थियों सहित कुल 77 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने चित्रों के माध्यम से सौर ऊर्जा के उपयोग, बिजली की बचत और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कक्षा आठवीं में पलक कौशले प्रथम, शुभम मरकाम द्वितीय और किरण धुर्वे तृतीय रहे। कक्षा सातवीं में कौशिल्या पटेल प्रथम, जागृति चंद्रवंशी द्वितीय और गुरु पालेकर तृतीय रहे। वहीं, कक्षा छठवीं में रितिका यादव प्रथम, कमलेश नेताम द्वितीय और संतोष साहू तृतीय स्थान पर रहे। विजेताओं को पेन-पेंसिल देकर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने घरों, स्कूलों और सरकारी कार्यालयों में सौर पैनल लगाने, पवन ऊर्जा अपनाने तथा एलईडी बल्ब के उपयोग पर जोर दिया। विज्ञान शिक्षक बिहारी दास वैष्णव ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाकर भविष्य के ऊर्जा संकट को कम करने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में मदद मिल सकती है। प्रतियोगिता के निर्णायक प्रधान पाठिका रामकली गुप्ता और शिक्षक बिहारी दास वैष्णव रहे। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने घरों, स्कूलों और सरकारी कार्यालयों में सौर पैनल लगाने, पवन ऊर्जा अपनाने तथा एलईडी बल्ब के उपयोग पर जोर दिया। विज्ञान शिक्षक बिहारी दास वैष्णव ने बताया कि ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाकर भविष्य के ऊर्जा संकट को कम करने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में मदद मिल सकती है। प्रतियोगिता के निर्णायक प्रधान पाठिका रामकली गुप्ता और शिक्षक बिहारी दास वैष्णव रहे।

पातन, लगुण एवं मार्किंग विषय पर वनमंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत वनमंडल कवर्धा द्वारा विदोहन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत पातन, लगुण एवं मार्किंग विषय पर वनमंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।



वनमंडलाधिकारी कवर्धा निखिल अग्रवाल के निर्देशन तथा उप वनमंडलाधिकारी सहसपुर लोहारा शिवेन्द्र भगत एवं उपवनमंडलाधिकारी कवर्धा अभिनव केशरवानी के मार्गदर्शन में यह कार्यशाला वन परिक्षेत्र रेंगाखार उत्पादन, उपवनमंडल सहसपुर लोहारा के अंतर्गत कूप क्रमांक-132 सुतिया, एससीआई कक्ष क्रमांक 132 में आयोजित की गई। कार्यशाला के दौरान मैदानी कर्मचारियों को पातन, लगुण एवं मार्किंग की तकनीकी प्रक्रियाओं, निर्धारित मापदंडों तथा वन विदोहन कार्यों के व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान विभागीय नियमों के पालन, कार्यों में एकरूपता बनाए रखने तथा मैदानी अमले की कार्यक्षमता एवं दक्षता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कूपों में संचालित विदोहन कार्यों को निर्धारित तकनीकी मापदंडों के अनुरूप व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित करना तथा पातन, लगुण एवं मार्किंग की प्रक्रियाओं में एकरूपता एवं दक्षता सुनिश्चित करना रहा।

पूर्वजों द्वारा स्थापित मंदिरों में किया दर्शन-पूजन, दरबार में पहुंचे 84 गांव के ग्रामीण

रावण दहन के बाद सजा राजा खड्गराज कुमार सिंह का राजदरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭स. लोहारा

समय बदला, पीढ़ियां बदलीं और शासन व्यवस्था भी बदल गई, लेकिन सहसपुर लोहारा राजपरिवार और क्षेत्र के 84 गांवों के बीच पीढ़ियों से चला आ रहा आत्मीय रिश्ता आज भी कायम है। विजयादशमी पर आयोजित पारंपरिक दशहरा उत्सव में इस ऐतिहासिक परंपरा की जीवंत झलक देखने को मिली।

राजा खड्गराज कुमार सिंह ने राजमाता का आशीर्वाद लेकर नगर भ्रमण किया। वहीं, रावण दहन के बाद राजमहल में पारंपरिक राजदरबार सजा, जहां सैकड़ों लोगों ने उनसे भेंटकर दशहरा की शुभकामनाएं दीं। दशहरा की वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए राजा खड्गराज कुमार सिंह ने सबसे पहले राजमाता का आशीर्वाद लिया। इसके बाद वे राजमहल से नगर भ्रमण के लिए निकले। इस दौरान रास्ते में क्षेत्रवासियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। नगर भ्रमण के दौरान राजा ने अपने पूर्वजों द्वारा स्थापित श्रीराम मंदिर, लक्ष्मी मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर और शीतला माता मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने क्षेत्र के 84 गांवों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

नगर भ्रमण के बाद दशहरा मैदान में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों के बीच परंपरागत रूप से रावण दहन किया गया। इसके पश्चात राजा राजपरिवार की कुलदेवी मां काली कंकालिन दाई के दरबार पहुंचे और दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद श्रीराम मंदिर में आरती कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए गए।

राजमहल लौटने पर राजमाता और राजपरिवार के सदस्यों ने राजा की आरती उतारकर उनका स्वागत किया। इसके बाद राजमहल में वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार राजदरबार सजा।

सैकड़ों लोगों ने की भेंट, परंपरा के अनुसार पान भेंटकर किया स्वागत



राजदरबार में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने राजा से मुलाकात कर विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। राजा ने भी लोगों से आत्मीयता के साथ भेंट की और परंपरा के अनुसार प्रत्येक आगंतुक को पान भेंट किया। राजमहल में बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक की मौजूदगी ने राजपरिवार और क्षेत्रवासियों के बीच पीढ़ियों से चले आ रहे संबंधों को फिर जीवंत कर दिया। इस दौरान राजदरबार में औपचारिकता से अधिक अपनत्व और सम्मान का भाव दिखाई दिया। लोगों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण बनी कि राजपरिवार के साथ क्षेत्रवासियों का संबंध केवल ऐतिहासिक परंपरा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक जुड़ाव और आपसी विश्वास का भी प्रतीक है। गौरतलब है कि राजतंत्र भले ही इतिहास का हिस्सा बन चुका है, लेकिन सहसपुर लोहारा में उससे जुड़ी सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराएं आज भी जीवित हैं। यहां दशहरा केवल रावण दहन का आयोजन नहीं, बल्कि पूर्वजों की विरासत को संजोने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर भी है।

2 नवंबर को पीजी कॉलेज मैदान में मनेगा राज्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले में 2 नवंबर को राज्योत्सव-2026 मनाया जाएगा।

कवर्धा के आचार्य पंथ श्री गृंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने आयोजन की जिम्मेदारी विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सौंपी है।

जारी आदेश के अनुसार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी तथा कवर्धा एसडीएम चेतन साहू को मेला स्थल प्रभारी बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक को यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं, शांति व्यवस्था के लिए अपर कलेक्टर रामप्रसाद अचला और नायब तहसीलदार विकास जैन को दायित्व दिया गया है। कार्यक्रम स्थल पर मंच, पंडाल, बैठक व्यवस्था, सजावट, प्रवेश द्वार और विभागीय स्टॉल तैयार किए जाएंगे। इसके अलावा विद्युत, पेयजल, साफ-सफाई, अग्निशमन, चिकित्सा सुविधा, अतिथि आवास, स्वल्पाहार और अतिथि सत्कार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। भीड़ प्रबंधन, बैरिकेडिंग और प्रवेश व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।